गुरुवार, 18 दिसम्बर 2025

मौसम
तापमान 16 – 26
आर्द्रता 65%
सूर्योदयः 06:10 सूर्यास्तः 16:55

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



अगले साल के अंत तक देशभर में एआई-आधारित डिजिटल टोल संग्रह प्रणाली लागू होगी: गडकरी पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : इच्छाओं और साधनों में सामंजस्य होना जीवन की सफलता है।

# बंगाल में व्यापारियों के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का होगा गठन : ममता



सीडब्ल्यूबीटीए द्वारा आयोजित व्यवसायी सम्मेलन का उद्घाटन करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एवं मौके पर मुख्य सचिव डॉ. मनोज पंत, पूर्व मंत्री अमित मित्रा, मंत्री सुजीत बोस, मंत्री फिरहाद हकीम, मंत्री शशि पांजा, मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य एवं अध्यक्ष सुशील पोद्दार, पैट्रॉन वीके भंडारी, उपाध्यक्ष प्रदीप लुहारीवाला एवं अन्य।

- कोलकाता में आयोजित व्यवसायी सम्मेलन के मंच से मुख्यमंत्री ने की घोषणा
- कहा.. 'राज्य के व्यवसायी ही यहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं'
- मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा- बोर्ड के माध्यम से व्यापारियों की समस्या का किया जाएगा त्वरित समाधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य के व्यवसायी ही यहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उसके विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। कंफेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीडब्ल्यूबीटीए) की ओर से कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित व्यवसायी सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने इस मंच से राज्य के व्यापारियों के लिए पश्चिम बंगाल व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बोर्ड के सदस्य व्यापारी संगठन के ही लोग होंगे, साथ ही इसमें कुछ सरकारी अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। ममता ने भरोसा दिया कि इस बोर्ड के माध्यम से व्यापारियों की समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा। साथ ही, अन्य आवश्यक मदद भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बोर्ड में सभी जिलों के डीएम, एसपी व जिलों के औद्योगिक चेंबर के सदस्यों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने चैंबरों से 15 दिन के अंदर प्रतिनिधियों के नाम भेजने का आह्वान किया। ममता ने कहा कि जिलों से नाम मिलने के बाद अगले सात दिन के अंदर बोर्ड के सदस्यों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

**कोलकाता व सिलीगुड़ी में स्थापित होगा ट्रेड एंड एक्सपोर्ट फेसिलिटेशन सेंटर**

इस मौके पर, मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बंगाल सरकार द्वारा कोलकाता व सिलीगुड़ी में ट्रेड एंड एक्सपोर्ट फेसिलिटेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। इस सेंटर के माध्यम से व्यापारियों को अपने उत्पादों को विदेशों में निर्यात करने में मदद प्रदान की जाएगी। ममता ने इस दौरान कहा कि बंगाल के 36 उत्पादों को अब तक जीआइ टैग मिला है और इस सेंटर में इन सभी उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे व्यापारियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस सेंटर के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, व्यापारियों के लिए प्रशिक्षण की भी व्यवस्था होगी, जिससे वह अपने कारोबार का सही प्रकार से विकास कर पाएंगे। ममता ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट उत्पादों, हस्त शिल्प व कारीगरों के कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बंगाल में 36 ही नहीं बल्कि 3,600 उत्पादों के जीआइ टैग प्राप्त करने की क्षमता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट उत्पादों के लिए जीआइ टैग प्राप्त करने के लिए प्रयास करेगी।

**ट्रेडर्स को जल्द से जल्द भुगतान करने के लिए डब्ल्यूबी-ट्रेड्स पोर्टल का किया अनावरण**

इस मौके पर, मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की सुविधा के लिए डब्ल्यूबी-टेड्स नामक नए पोर्टल की भी शुरुआत की। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पोर्टल इसलिए लांच किया गया है ताकि व्यापारियों को सरकारी काम पूरा करने के बाद रुपये मिलने में कोई दिक्कत न हो। सरकारी काम पूरा करने के बाद व्यापारियों को उक्त पोर्टल पर जानकारी अपलोड करनी होगी। उसके बाद, इस पोर्टल से जुड़े 72 बैंक और दूसरे फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन ट्रेडर्स को जल्द से जल्द फंड का भुगतान कर देंगे। इसके अलावा, ट्रेडर्स उस पोर्टल के जरिए व्यापार संबंधी शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा जल्द से जल्द इसका समाधान किया जाएगा। बंगाल में व्यापार के विकास और उन्नति के लिए आयोजित इस सम्मेलन में राज्यभर से बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए।

## भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया, ढाका में अपने मिशन की सुरक्षा पर चिंता जतायी

**सुरक्षा स्थिति के कारण भारत ने बांग्लादेश की राजधानी में वीजा आवेदन केंद्र बंद किया**

**नयी दिल्ली :** भारत ने बुधवार को बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया और कुछ चरमपंथी तत्वों द्वारा ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा संकट पैदा करने की साजिश के ऐलान को लेकर अपनी कड़ी चिंता जतायी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह भी कहा कि ''बांग्लादेश में हाल की कुछ घटनाओं को लेकर चरमपंथी तत्वों द्वारा गढ़ी जा रही झूठी कहानी को भारत पूरी तरह खारिज करता है।'' हमीदुल्लाह को तलब किए जाने के तुरंत बाद विदेश मंत्रालय ने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अंतरिम सरकार ने न तो इन घटनाओं की गहन जांच की है और न ही इनके संबंध में भारत के साथ कोई ठोस सबूत साझा किए हैं।'' हालांकि, मंत्रालय ने इन घटनाओं का विस्तृत उल्लेख नहीं किया। उसने कहा, ''हम अंतरिम सरकार से अपेक्षा करते हैं कि वह अपने कूटनीतिक दायित्वों के अनुरूप बांग्लादेश में स्थित मिशनों और कार्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।'' बयान में कहा गया कि उच्चायुक्त को बांग्लादेश में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को लेकर भारत की गंभीर चिंताओं से अवगत कराया गया। मंत्रालय ने कहा, ''खासतौर पर उनका ध्यान कुछ चरमपंथी तत्वों की गतिविधियों की ओर दिलाया गया, जिन्होंने ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा संकट पैदा करने की साजिश का ऐलान किया है।'' विदेश मंत्रालय ने कहा कि नयी दिल्ली बांग्लादेश में शांति और स्थिरता के पक्ष में है।

### ढाका में प्रदर्शनकारियों ने भारतीय उच्चायोग की ओर मार्च किया, पुलिस ने बीच में रोका



**ढाका :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पुलिस ने भारतीय उच्चायोग की तरफ मार्च कर रहे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को बुधवार को बीच रास्ते में रोक दिया। यह घटनाक्रम भारत के ढाका में अपने उच्चायोग के आसपास सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताए जाने के कुछ घंटों बाद हुआ। पुलिस ने बताया कि 'जुलाई यूनिटी' के बैनर तले मार्च निकाल रहे प्रदर्शनकारियों ने भारत-विरोधी नारे लगाए और पिछले साल जुलाई-अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए आंदोलन के बाद देश छोड़कर भागीं अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना व अन्य नेताओं के प्रत्यर्ण की मांग की।

## इंडिगो के सीओओ और विमानन अधिकारी संसदीय समिति के सामने पेश हुए

**नयी दिल्ली :** हाल ही में विमान सेवाओं में आई बाधाओं की पड़ताल कर रही एक संसदीय समिति ने इंडिगो द्वारा बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द किए जाने की जिम्मेदारी बुधवार को तय करने की बुधवार को कोशिश की। इस दौरान इंडिगो के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) इसिड्रो पोर्केरास और वरिष्ठ विमानन अधिकारी समिति के समक्ष पेश हुए। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, समिति को एयरलाइन और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा दिए गए जवाब टालमटोल भरे और असंतोषजनक लगे। सूत्रों ने कहा कि जद (यू) नेता संजय झा की अध्यक्षता वाली परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी संसदीय समिति फिलहाल किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची और उसने देश भर के विभिन्न हवाई अड्डों पर हजारों यात्रियों के फंसे रहने की वजह बनी अराजकता के लिए जिम्मेदारी तय करने से पहले नागरिक उड्डयन मंत्रालय की जांच रिपोर्ट का इंतजार करने का फैसला किया। सूत्रों के अनुसार, कुछ सांसदों ने सवाल उठाया कि क्या संशोधित उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) नियमों के लागू होने के बाद मंत्रालय ऐसी स्थिति के लिए तैयार नहीं था या इंडिगो ने नए नियमों से छूट पाने के लिए दबाव बनाने की रणनीति अपनाई थी। एक सूत्र ने बताया कि इंडिगो और डीजीसीए के प्रतिनिधियों के जवाब ''टालमटोल वाले और असंतोषजनक'' थे और उन्होंने जिम्मेदारी लेने के बजाय तकनीकी समस्याओं पर दोष मढ़ने की कोशिश की।

'शांति' विधेयक ऐतिहासिक हैं, राष्ट्र को नयी दिशा देगा: जितेंद्र सिंह (पृष्ठ 7)

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### चांदी का वायदा भाव रिकॉर्ड 2.05 लाख रुपये प्रति किलोग्राम

**नयी दिल्ली :** घरेलू एवं वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें पहली बार दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर को लांघ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। चांदी 7,300 रुपये बढ़कर 2,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछला बंद भाव 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम था।

### रुपया अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरा, 55 पैसे चढ़कर 90.38 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** रुपया बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरने में कामयाब रहा और 55 पैसे चढ़कर 90.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। केंद्रीय बैंक के संभावित आक्रामक हस्तक्षेप से रुपया बढ़त में रहा। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में हाल की गिरावट मुख्य रूप से बाहरी कारकों के कारण हुई है, न कि घरेलू आर्थिक कमजोरी की वजह से। बदलते आर्थिक एवं भू-राजनीतिक संकेतों के बीच विदेशी मुद्रा बाजार में व्यापक अस्थिरता जारी रहने का अनुमान है।

## पांच हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में शून्य छात्र, ऐसे 70 प्रतिशत विद्यालय तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि देश में 10.13 लाख सरकारी विद्यालयों में से 5,149 विद्यालय में एक भी छात्र नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद इन संस्थानों में बड़ी संख्या में शिक्षक कार्यरत हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 शैक्षणिक वर्ष में जिन विद्यालयों में एक भी बच्चे का नामांकन नहीं किया गया उनमें 70 प्रतिशत से अधिक स्कूल तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में हैं। पूरे भारत में वर्तमान में 1.44 लाख शिक्षक ऐसे सरकारी विद्यालयों में तैनात हैं, जिनमें 10 से कम छात्र हैं या कोई नामांकन नहीं है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद में साझा किए गए आंकड़ों से यह बात सामने आयी है। सरकार ने बताया है कि '10 से कम या शून्य नामांकन वाले' विद्यालयों में तीव्र वृद्धि हुई है और पिछले दो साल में ऐसे सरकारी



विद्यालयों की संख्या में वृद्धि 24 प्रतिशत रही। शैक्षिणक वर्ष 2022-23 में इन विद्यालयों की संख्या 52,309 से बढ़कर 2024-25 में 65,054 हो गई। सरकार ने लोकसभा सदस्य कार्ति पी. चिदंबरम और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के प्रश्नों के लिखित उत्तर में कहा कि ये स्कूल अब देश के कुल सरकारी विद्यालयों का 6.42 प्रतिशत हैं। तेलंगाना में लगभग 2,081 ऐसे स्कूल हैं, जिनमें नामांकन नहीं है जबकि पश्चिम बंगाल में ऐसे स्कूलों की संख्या 1,571 है। तेलंगाना के नलगोंडा जिले में राज्य व देश में सबसे अधिक 315 शून्य नामांकन स्कूल दर्ज किए गए। महबूबबाद में 167 और वारंगल में 135 ऐसे स्कूल हैं, जहां नामांकन शून्य है। ये आंकड़े 'यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस' से प्राप्त किए गए हैं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 211 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें नामांकन नहीं है और ये देश में दूसरे ऐसे सबसे अधिक स्कूल हैं। पूर्वी मेदिनीपुर में 177 और दक्षिण दिनाजपुर में 147 ऐसे स्कूल हैं, जहां नामांकन शून्य है। विद्यार्थियों की कमी के बावजूद इन संस्थानों में बड़ी संख्या में शिक्षक कार्यरत हैं। पूरे भारत में वर्तमान में 1.44 लाख शिक्षक ऐसे सरकारी विद्यालयों में तैनात हैं, जिनमें 10 से कम छात्र हैं या कोई नामांकन नहीं है। वर्ष 2022-23 में यह संख्या 1.26 लाख थी।

## आठ सांसदों को 'लोकमत पार्लियामेंट्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को आयोजित 'लोकमत पार्लियामेंट्री अवॉर्ड' 2025 समारोह में समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा चौधरी और द्रमुक के टी आर बालू समेत आठ सांसदों को सम्मानित किया गया। कैराना से लोकसभा सदस्य चौधरी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ नवोदित महिला सांसद का पुरस्कार मिला, जबकि बालू को वर्ष का 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार समारोह में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस वाई कुरैशी, आध्यात्मिक गुरू आचार्य लोकेश मुनि, लोकमत मीडिया समूह के अध्यक्ष विजय दर्डा और लोकमत के प्रधान संपादक राजेंद्र दर्डा भी मौजूद थे। भाजपा नेताओं संगीता कुमारी सिंहदेव और जगदंबिका पाल को क्रमशः वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला सांसद और सर्वश्रेष्ठ सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्यसभा श्रेणी में, मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ नवोदित महिला सांसद के पुरस्कार से सम्मानित किया गया और कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया। तृणमूल कांग्रेस की नेता डोला सेन को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला सांसद और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ सांसद के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'लोकमत पार्लियामेंट्री अवॉर्ड' का यह छठा संस्करण था।

### दिल्ली: निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थित का निर्देश, उल्लंघन पर दंड

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में निजी कार्यालयों को निर्देश दिया कि कार्यस्थलों पर कर्मचारियों की संख्या अधिकतम 50 प्रतिशत होनी चाहिए और शेष कर्मचारियों को घर से काम करना होगा। यह निर्देश गंभीर वायु प्रदूषण के कारण लागू चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी) के चौथे चरण के प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य संस्थानों, परिवहन, स्वच्छता और आपातकालीन सेवाओं सहित कुछ क्षेत्रों में हालांकि छूट दी गई है।

## ट्रेन में निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाने पर यात्रियों को शुल्क देना होगा: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद को बताया कि ट्रेन से यात्रा करते समय यात्रियों को निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाने पर शुल्क देना होगा। वैष्णव ने तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सांसद वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह बात कही। रेड्डी ने जानना चाहा था कि क्या रेलवे, हवाई अड्डों पर अपनाई गई व्यवस्था के अनुरूप ट्रेन यात्रियों के लिए सामान संबंधी नियम लागू करेगा। वैष्णव ने कहा, ''वर्तमान में, यात्रियों द्वारा डिब्बों के अंदर अपने साथ सामान ले जाने की श्रेणीवार अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है।'' रेल मंत्री द्वारा लिखित



उत्तर में साझा की गई जानकारी के अनुसार, द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्री को 35 किलोग्राम वजन तक सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है और शुल्क देकर 70 किलोग्राम तक सामान ले जाया जा सकता है। वहीं, स्लीपर श्रेणी के यात्रियों के लिए 40 किग्रा सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है और अधिकतम सीमा 80 किग्रा है। मंत्री द्वारा सदन को उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, 'एसी थ्री टियर' या 'चेयर कार' में यात्रा करने वाले यात्रियों को 40 किग्रा तक निशुल्क सामान ले जाने की अनुमति है, जो इसकी अधिकतम सीमा भी है। वहीं, प्रथम श्रेणी और 'एसी टू टियर' के यात्रियों को 50 किग्रा तक सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है, जिसकी अधिकतम सीमा 100 किग्रा है। एसी प्रथम श्रेणी के यात्री 70 किग्रा तक सामान निशुल्क ले जा सकते हैं, जबकि शुल्क देकर 150 किग्रा तक सामान ले जाया जा सकता है। वैष्णव के अनुसार, 100 सेंटीमीटर लंबे, 60 सेमी चौड़े और 25 सेमी ऊंचाई तक के बाहरी माप वाले ट्रंक, सूटकेस और बक्से को व्यक्तिगत सामान के रूप में यात्री डिब्बों में ले जाने की अनुमति है। मंत्री ने स्पष्ट किया, ''यदि ट्रंक, सूटकेस और बक्से, जिनका बाहरी माप किसी भी रूप में अधिक है, तो ऐसी वस्तुओं को यात्रियों के डिब्बों में नहीं, बल्कि ब्रेकवैन (एसएलआर)/पार्सल वैन में बुक करके ले जाना होगा।'' उन्होंने कहा कि निजी सामान के रूप में वाणिज्यिक वस्तुओं की डिब्बे में बुकिंग और परिवहन की अनुमति नहीं है।

Suffering from hip or Knee pain?
Ask Dr. Santosh


ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये -डॉ संतोष कुमार

**प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?**
डॉ. कुमार: आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।

**प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?**
डॉ. कुमार: विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?**
डॉ. कुमार: जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?**
डॉ. कुमार: जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।



Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

**प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?**
डॉ कुमार: अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।

**प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?**
डॉ. कुमार: बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।

**प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?**
डॉ. कुमार: बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।

**प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?**
डॉ कुमार: सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।

**प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?**
डॉ कुमार: हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।

**प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?**
डॉ कुमार: अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्कांटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।







**प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?**
डॉ. कुमार: फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।

**प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?**
डॉ. कुमार: सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है**
डॉ. कुमार: अच्छी तरह से जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।

Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years

## जीवन शैली में बदलाव से ही समाधान

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली घातक पर्यावरण संकट झेल रही है। विडंबना यह है कि इस संकट के निदान के लिये जो उपाय लागू किए जा रहे हैं, उसका खमियाजा गरीबों को झेलना पड़ रहा है। इस संकट की संवेदनशीलता को महसूस करते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवन शैली से उपजी मुश्किलों का सामना गरीबों को करना पड़ता है। दरअसल, बिगड़ते प्रदूषण संकट के बाबत दायर याचिकाओं को आज सुनवाई के लिये सूचीबद्ध करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। कोर्ट ने भरोसा दिलाया कि वह इस बाबत प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगा। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने वरिष्ठ वकील और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए ये टिप्पणी की थी। अदालत का कहना था कि दिल्ली एनसीआर में ग्रेप-4 लागू करने के चलते जो पाबंदियां लागू की गई हैं, उनका सबसे ज्यादा नुकसान गरीब लोगों को हो रहा है। इससे निर्माण कार्य बंद होने से हजारों गरीब मजदूरों का चूल्हा नहीं जल सकेगा। मुख्य न्यायाधीश ने इस बाबत कहा कि संपन्न लोगों को अपनी जीवन शैली में बदलाव लाना चाहिए। साथ ही कहा कि हमें समस्या का पता है और इसलिए हम ऐसे आदेश पारित करेंगे, जिनका पालन किया जा सकेगा। कहा कि कुछ निर्देश ऐसे भी हैं, जिन्हें बलपूर्वक लागू किया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है, लेकिन झेलना गरीब को पड़ता है। दरअसल, अदालत की सोच रही है कि हमारा परिवेश-पर्यावरण साफ-सुथरा रहे, इसके लिये हम सबको अपने कुछ सुखों का त्याग करना होगा। यह जानते हुए कि पर्यावरण पर आने वाले संकट व प्रदूषित हवा का अमीर-गरीब पर समान असर पड़ता है।

निस्संदेह, देश की शीर्ष अदालत ने देश व समाज की दुखती रग पर ही हाथ रखा है। महानगरों में अमीर तबके की विलासिता के चलते ही पर्यावरण व अन्य संकटों को बढ़ावा मिलता है। महानगरों में लगातार सड़कों का विस्तारीकरण, नए हाइवे निर्माण व ओवर ब्रिज निर्माण के बावजूद जाम व प्रदूषण का संकट कम नहीं हो रहा है। दरअसल, हमने अपनी सुख-सुविधाओं को प्राथमिकता दी है, लेकिन व्यापक सामाजिक हितों की अनदेखी की है। आमतौर पर एक अकेले व्यक्ति के लिये कारें सड़कों पर दौड़ती रहती हैं। जो न केवल सड़कों में ज्यादा जगह घेरती हैं, बल्कि ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करके प्रदूषण को भी बढ़ावा देती हैं। यही वजह है कि आम आदमी सरकार ने अपने कार्यकाल में ऑड-इवन प्रणाली शुरू करने को प्राथमिकता दी थी ताकि सड़कों पर कारों का सैलाब कम किया जा सके। तब बात उठी थी कि एक दिशा में और एक ऑफिस की तरफ जाने वाले लोग कार शेयर करके चलें। विडंबना यह है कि सत्ताधीशों ने दिल्ली में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट को सशक्त करने को प्राथमिकता नहीं दी। यदि सार्वजनिक परिवहन सस्ता व सहज उपलब्ध होता तो शायद सड़कों पर कारों का दबाव कम होता। हाल के दिनों में संपन्न व मध्यम वर्ग में एसी व अन्य वातानुकूलन उपायों के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इससे जहां प्रदूषण बढ़ाने वाली बिजली की खपत बढ़ी है, वहीं बाहर का तापमान व कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है। इसी तरह तमाम अमीरों द्वारा संचालित उद्योगों में उन उपायों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया जो पर्यावरण में प्रदूषण कम करने में सहायक होते हैं। विडंबना यह है कि महानगरों व अन्य शहरों में जहां कुछ इलाकों में पेयजल का संकट बना रहता है, वहीं दूसरे पॉश इलाकों मे लॉन सींचने, कार धोने और स्वीमिंग पूलों के लिये पर्याप्त पानी उपलब्ध रहता है। अकसर कहा जाता है कि कुदरत ने हर व्यक्ति के लिए हवा, पानी व भोजन उपलब्ध कराया है, लेकिन इनके असमान वितरण व अमीरी के दखल के चलते, गरीब के साथ न्याय नहीं हो पाता है। अमीर होना बुरा नहीं है लेकिन उसकी अमीरी की कीमत गरीब को न चुकानी पड़े।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 दिसम्बर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 28:58 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 19:58 तक, योग : धृति, 15:01 तक, सूर्योदय: 06:10, सूर्यास्त: 16:55, चन्द्रोदय : 04:36, चन्द्रास्त: 15:22, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 12:52 से 14:12

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज अच्छा रहने वाला है। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे। आप अपने सहयोगियों से मन की बात कह सकते हैं।

**वृष :** आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस बनाएंगे। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरे होने से दिल काफी खुशी रहेगा।

**मिथुन :** आज आपकी नेतृत्व क्षमता बेहतर रहेगी, लेकिन आपको अपने कामों में कुछ कठिनाइयां तो आएंगी फिर भी आप उनका डटकर सामना करेंगे। किसी नए बिजनेस की आप योजना बना सकते हैं।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए खर्चा भरा रहने वाला है। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ा सकते हैं। आर्थिक स्थिति आपकी बेहतर रहेगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपके रिश्ते में नयापन आएगा, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए कामो में नई-नई ऊंचाइयां लेकर आएगा। पारिवारिक संबंधों में सामंजस्यता बनी रहेगी। आपको अपने किसी दुर रहे परिजन की याद सता सकती है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए चुनौतियों भरा रहने वाला है। आप जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें। आर्थिक मामलों को लेकर आप किसी पर भरोसा ना करें।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपको किसी काम को लेकर यदि थकान थी, तो वह भी दूर होगी। काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकाले।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में छोटी-मोटी बातो को लेकर नोंक झोंक हो सकती है। आप काम को लेकर कोई बड़ा जोखिम न ले।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। दोस्तों के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आपके कुछ छुपे हुए शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं।

**कुम्भ :** आज का दिन व्यापार में कुछ अड़चनें लेकर आने वाला है। आपको किसी काम को लेकर तनाव हो सकता है। आप अपनी बुद्धि व विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान कर सकते हैं।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। परिवार में आपको सुख शांति बनाए रखनी होगी। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

# अधिकारी योजनाओं को तेजी और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें: नीतीश कुमार

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों से सरकार की योजनाओं को तेजी और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिहार को देश के सर्वाधिक पांच विकसित राज्यों में शामिल करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तय योजनाओं पर युद्धस्तर पर काम करते हुए उन्हें समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने गयाजी स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित 'मंथन 2025' दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करने बाद उन्हें संबोधित करते हुए यह बात



कही। इस कार्यशाला में राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों ने भाग लिया। कुमार ने अधिकारियों से कहा कि वे पूरी संवेदनशीलता, लगन और ईमानदारी के साथ जनकल्याण के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनता को प्रशासन से काफी अपे-क्षाएं होती हैं और इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने 'मंथन 2025' में शामिल सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिपार्ड परिसर में संवाद वाटिका, योगा परिसर, बिपार्ड लॉन, नक्षत्र वन, पुनर्योजित ब्रह्मयोनि सरोवर, हॉर्स राइडिंग ट्रैक, पुस्तकालय (विक्रमशिला), मोटर वाहन प्रशिक्षण केंद्र, अंतरिक्ष गैलरी, बिपार्ड दीर्घा और उत्कृष्टता केंद्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने इन सभी केंद्रों का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं व व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

## मोदी 25 दिसंबर को करेंगे 'प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन, योगी ने तैयारियों का जायजा लिया

**लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्र नायकों को समर्पित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उद्घाटन की तैयारियों का जायजा लिया। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन समारोह की तैयारियों, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, लखनऊ के मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत और सुरक्षा व्यवस्था देख रहे पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान कुमार ने उद्घाटन समारोह की सभी गतिविधियों से भी अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह के दिन प्रधानमंत्री सबसे पहले राष्ट्र नायकों की प्रतिमाओं का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और इसके बाद 'प्रेरणा स्थल' में राष्ट्र नायकों को समर्पित संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीन दयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित गैलरियों व 'कोर्टयार्ड' का अवलोकन करेंगे। अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री संग्रहालय से बाहर निकल कर प्रेरणा स्थल पर बने मंच से एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता से जुड़ा मामला रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का कथित ब्रिटिश नागरिकता विवाद से जुड़ा एक मामला रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया। न्यायमूर्ति बी.आर. सिंह की पीठ ने कर्नाटक के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर यह आदेश दिया। शिशिर ने रायबरेली की विशेष एमपी/एमएलए अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं, शासकीय गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत कई आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मामला दायर किया था।

## राजस्थान सरकार के दो साल जनकल्याण और प्रदेश के विकास को समर्पित रहे : मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि दो वर्ष पहले जनता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सेवा के लिए चुना था और सरकार के ये दो साल जनकल्याण व प्रदेश के विकास को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा को सर्वोपरि मानते हुए राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। शर्मा ने आहोर (जालोर) में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह



बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए विकास रथ सभी विधानसभाओं में चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे उसमें उपलब्ध सुझाव पेटिका में राज्य के विकास से संबंधित अपने सुझाव दें, जिससे आगामी समय में उन कार्यों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। आज जालोर में 338 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

## शामली में पारिवारिक विवाद में एक व्यक्ति ने पत्नी, दो बेटियों की हत्या कर शव घर में ही दफनाए

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** शामली जिले में एक पारिवारिक विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो नाबालिग बेटियों की कथित तौर पर हत्या कर दी और उनके शवों को अपने घर के अंदर ही दफना दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना 10 दिसंबर को कांधला पुलिस थाना इलाके के घारी दौलत गांव में हुई थी लेकिन इसका पता मंगलवार शाम को चला। शामली के पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह ने बताया कि आरोपी फारुख को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ तीन लोगों की हत्या का मामला दर्ज किया गया है। सिंह ने पत्रकारों को बताया, ''पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।'' पुलिस के मुताबिक, फारुख ने सबसे पहले अपनी पत्नी ताहिरा को उस समय गोली मारी, जब वह घर पर चाय बना रही थी। जब उनकी बड़ी बेटी आफरीन (12) ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसे भी गोली मार दी गई। एसपी ने बताया कि छोटी बेटी शैरीन (5) जब मौके पर पहुंची तो बाद में उसका गला घोंट दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बाद में घर के अंदर एक गड्ढा खोदा और अपराध को छिपाने के लिए शवों को उसमें दफना दिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहा पारिवारिक विवाद हत्याओं का कारण बना। इस बीच, घटना का पता चलने के बाद ताहिरा के परिवार के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और जब फारुख को पुलिस हिरासत में ले जाया जा रहा था तो कथित तौर पर उस पर हमला करने की कोशिश की।

## रोहतास में बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चार युवकों की मौत

**रोहतास/पटना :** बिहार के रोहतास जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र में गोही मोड़ के पास बुधवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतकों की उम्र 20 से 22 वर्ष के बीच है। टक्कर के बाद एक बाइक में आग लग गई, जिससे दोनों बाइक जलकर खाक हो गईं। हादसे में डालमिया नगर थाना क्षेत्र के निवासी 20 वर्षीय विकास शर्मा और 22 वर्षीय विकास तिवारी, जबकि नासरीगंज थाना क्षेत्र के मांगितपुर गांव निवासी 21 वर्षीय अनमोल शर्मा तथा इसी थाना क्षेत्र के हेमराडीह निवासी 20 वर्षीय आलोक सिंह की मौत हो गई।

## आईडीएसपी में जहानाबाद जिला बिहार में अव्वल, देश में तीसरे स्थान पर

**जहानाबाद/पटना :** एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के तहत भारत सरकार के इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन प्लेटफॉर्म (आईएचआईपी) पोर्टल पर एक जनवरी से 31 अक्टूबर, 2025 तक की गई पोर्टल-आधारित समीक्षा में बिहार के जहानाबाद जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के 783 जिलों में 99.37 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही, राज्य स्तर पर जहानाबाद जिला प्रथम स्थान पर रहा है। यह जानकारी जिला प्रशासन ने दी। जिला प्रशासन के अनुसार, इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी तथा आगे भी इसी प्रकार समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। राष्ट्रीय स्तर पर गुजरात के अहमदाबाद जिले को 99.90 अंकों के साथ प्रथम स्थान, ओडिशा के नयागढ़ जिले को 99.48 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, ओडिशा का कंधमाल जिला 99.11 अंकों के साथ चतुर्थ और गुजरात का आनंद जिला 99.04 अंकों के साथ पंचम स्थान पर रहा। उल्लेखनीय है कि जहानाबाद जिला पूर्व वर्षों में भी आईडीएसपी के अंतर्गत निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहा है।

## बिहार में जलापूर्ति शिकायतों के निस्तारण में विलंब बर्दाश्त नहीं : मंत्री संजय कुमार सिंह

**पटना :** बिहार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण (पीएचईडी) मंत्री संजय कुमार सिंह ने बुधवार को स्पष्ट किया कि जलापूर्ति से जुड़ी शिकायतों के निष्पादन में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री ने पटना क्षेत्र के अंतर्गत कुल 14 लोक स्वास्थ्य प्रमंडलों में संचालित जलापूर्ति योजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक में योजनाओं की प्रगति, शिकायत निवारण, विद्युत विपत्रों के भुगतान तथा लंबित कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विभाग में आयोजित संवाददाता



सम्मेलन में सिंह ने बताया कि पटना क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय शिकायत निवारण कक्ष (सीजीआरसी) में दर्ज लगभग 95 प्रतिशत शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष पांच प्रतिशत शिकायतें मुख्य रूप से बड़े मरम्मती कार्यों से संबंधित हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की निरीक्षण व्यवस्था को और अधिक सख्त किया गया है। अब अधीक्षण अभियंता और मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी बिना पूर्व सूचना के नियमित रूप से औचक निरीक्षण करेंगे। मुख्य अभियंता द्वारा कार्यपालक और अधीक्षण अभियंताओं के कार्यों की स्थल पर समीक्षा की जाएगी, जबकि अधीक्षण अभियंता अपने अधीनस्थ सहायक अभियंता और कनीय अभियंताओं के कार्यों की निगरानी करेंगे। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने या कार्य में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्थान: विधानसभा की सदाचार कमेटी ने तीन विधायकों को नोटिस जारी किए

**जयपुर :** राजस्थान विधानसभा की सदाचार समिति ने 'विधायक निधि' जारी करने की ऐवज में कमीशन लेने के आरोप के मामले में बुधवार को तीन विधायकों को नोटिस जारी किए। ये नोटिस सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक रेवंतराम डांगा, कांग्रेस की विधायक अनीता जाटव और निर्दलीय विधायक रितु बनावत को जारी किए गए हैं। समिति ने तीनों विधायकों को 19 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे अपने स्पष्टीकरण के साथ उसके समक्ष पेश होने को कहा है। एक अखबार ने अपने 'स्टिंग ऑपरेशन' में इन तीनों विधायकों पर 'विधायक निधि' जारी करने के बदले कमीशन मांगने का आरोप लगाया गया था।

## यमुना एक्सप्रेसवे हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका : जले हुए शवों की पहचान शुरू

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के हुए भीषण हादसे में बुरी तरह जले मानव अवशेषों की जांच शुरू होने के बाद इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हादसे में जान गंवाने वाले 13 लोगों में से अब तक सिर्फ पांच की ही पहचान हो पाई है। कई शव इतने जल गए थे कि उनकी तत्काल पहचान करना लगभग नामुमकिन था। इस काम के लिए डीएनए जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम करने वाले चिकित्सकों की एक समिति के अनुसार पुलिस मुर्दाघर में 10 मृतकों के सिर, दो अन्य के धड़ और एक लगभग साबुत शव लेकर आयी थी, जबकि बाकी बैग में सिर्फ छोटे, बुरी तरह जले हुए अवशेष थे। अधिकारियों ने बताया कि सभी अवशेषों का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है और रिपोर्ट तैयार की जा रही है।




पोस्टमॉर्टम हाउस के प्रभारी और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गोपाल गर्ग ने बताया कि सभी इंसानी अवशेषों के नमूने इकट्ठा करके आगरा की विधि विज्ञान प्रयोगशाला में डीएनए परीक्षण के लिए भेजे गए हैं ताकि दा-वेदारों द्वारा दिए गए नमूनों से मिलान करके शवों की पहचान की जा सके। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल ने आधिकारिक तौर पर हादसे में 13 यात्रियों की मौत की पुष्टि की है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि अवशेषों की हालत को देखते हुए आशंका है कि डीएनए जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी गर्ग ने कहा, सभी अवशेषों की डीएनए जांच होने के बाद ही यह पता चल पाएगा कि वे कितने लोगों के हैं।

## मुख्यमंत्री महिला योजना के तहत पुरुषों के खातों में गए 10 हजार रुपए की वसूली में जूझ रहे अधिकारी

**दरभंगा/पटना :** बिहार सरकार के अधिकारी दरभंगा जिले में मुख्यमंत्री महिला योजना के तहत कुछ पुरुष ग्रामीणों के खातों में कथित तौर पर गलती से डाले गए 10-10 हजार रुपए की वसूली में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिन पुरुष ग्रामीणों के बैंक खातों में 10 हजार रुपए जमा हो गए, उनमें से कई पहले ही यह राशि खर्च कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कुछ ने छठ पूजा व दीवाली के दौरान पैसे खर्च किए, जबकि कुछ ने बतख व बकरियां खरीद लीं और अब वे या तो राशि लौटाने में असमर्थ हैं या ऐसा करने को तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव से पहले 26 सितंबर को 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत की थी, जिसके तहत लगभग 1.40 करोड़ महिला उद्यमियों के बैंक खातों में 10 हजार रुपए अंतरित किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि दरभंगा जिले के जाले विधानसभा क्षेत्र के अहियारी गांव में 'तकनीकी खामी' के कारण कुछ पुरुषों के खातों में गलती से यह राशि जमा हो गई। जीविका के प्रखंड परियोजना निदेशक ने कम से कम तीन पुरुषों को नोटिस जारी कर उनके खातों में अंतरित हुए 10 हजार रुपए लौटाने को कहा है। उन्होंने बताया कि इन ग्रामीणों की पहचान नागेंद्र राम, बलराम सहनी और राम सागर कुमार के रूप में हुई है, जो दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इन लोगों ने बताया कि कई अन्य ग्रामीणों को भी इसी तरह के नोटिस मिले हैं। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैंने 'जीविका' के अधिकारियों से कहा है कि वे ऐसे किसी भी अंतरण की विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द मुझे सौंपें। यह चिंता का विषय है।

## वर्ग पहेली नं. 3295



*बायें से दायें:-* 1) असमानता, 4) सब, 7) प्रार्थनापत्र, 9) कोहरा, 10) सुंदर, 12) अभियान; जुलूस, 14) हुक्के का दम, 15) इत्यादि, 17) साजसिंगार, 18) पौधों का डंठल, 19) मारुति का आयुध, 20) ध्वज, 22) आय, 24) झोपड़ी, 26) अंधकार, 27) अक़्ल, 28) खुसुरपुसुर, 31) संयोगवश, 32) घोड़े एवं गधे की मिश्रित संतति.

*ऊपर से नीचे:-* 1) वियोग, 2) कामदेव, 3) धातु का सूत, 4) शिलाखंड, 5) चावल का छोटा टुकड़ा, 6) चिंता, 8) चुप, 11) भोला - भाला, 13) धान का दाना, 14) कान और आँख के मध्य का स्थान, 16) दया, 17) उन्नति, 18) चौकी, 21) नक्षत्र, 23) ताकतवर, 24) एक मादा पशु, 25) कपड़े की मरम्मत, 27) निषिद्ध, 29) धेवता, 30) उपदेश.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | बा | ब | ■ | आ | शि | क | ■ | आ | दी |
| म | ■ | रा | हु | ल | ■ | र | वै | या | ■ |
| त | ल | ब | ■ | स | त | त | ■ | स | ज़ा |
| री | ■ | री | ति | ■ | प | ल | क | ■ | हि |
| न | ल | ■ | क | मी | ना | ■ | बा | ह | र |
| ■ | प | प | ड़ी | ■ | ■ | उ | ड़ा | न | ■ |
| ■ | क | र | ■ | स | चिं | त | ■ | न | ग |
| अ | ना | व | श्य | क | ■ | र | ज | ■ | र |
| भी | ■ | ज्ञ | ■ | ल | ■ | ना | मा | लू | म |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3253

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 6 | 4 | | |
| | 3 | 9 | | | | 7 | 1 | |
| | 4 | | | | 7 | | 2 | |
| 7 | | | | 8 | | 2 | | |
| 2 | | | 5 | | 1 | | | |
| | | | | | | | 4 | |
| | | | | 4 | | 8 | | |
| 5 | 7 | | | 6 | | | 9 | |
| | | | | | | | | 6 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3252 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 6 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 8 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 |



# बंगाल में बेरोजगारी 40 प्रतिशत कम हुई : ममता

## व्यवसायी सम्मेलन के मंच से मुख्यमंत्री ने किया दावा, राज्य के बिज़नेसमैन और उद्योगपतियों को दिया श्रेय



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि बंगाल में बेरोज़गारी दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी के शासनकाल में बंगाल में बेरोज़गारी 40 प्रतिशत कम हुई है। कंफेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीडब्ल्यूबीटीए) की ओर से कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित व्यवसायी सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने विपक्ष की आलोचनाओं का कड़ा जवाब देते हुए नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला दिया। उन्होंने राज्य की आर्थिक तरक्की पर भी एक रिपोर्ट पेश की। साथ ही, मुख्यमंत्री ने बंगाल की ज्योग्राफिकल लोकेशन को व्यापार के लिए गेटवे भी बताया। अपने भाषण की शुरुआत में, मुख्यमंत्री ने बंगाल की बिजनेस कम्युनिटी को राज्य की अर्थव्यवस्था की ड्राइविंग फोर्स बताया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोग सिर्फ़ हमारा नाम खराब करते हैं। लेकिन केंद्र सरकार की बनाई नीति आयोग की रिपोर्ट कुछ और ही कहती है। 2022-23 की रिपोर्ट का ज़िक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि राज्य में बेरोजग़ारी दर सिर्फ़ 2.2 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से 30 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि हमने बेरोज़गारी दर 40 प्रतिशत कम कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कामयाबी का श्रेय राज्य के बिजनेसमैन और उद्योगपतियों को जाता है, जिन्होंने लोगों को नौकरियां दी हैं। ममता ने कहा कि बंगाल से असली बिजनेस करना मुमकिन है। हमारा राज्य गेटवे है। एक तरफ नार्थ-ईस्ट इंडिया का बार्डर है, दूसरी तरफ बांग्लादेश, नेपाल और भूटान का बार्डर है। इसके अलावा, बिहार, ओडिशा और झारखंड के बार्डर भी हमारे राज्य से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस ज्योग्राफिकल फायदे का इस्तेमाल करके बंगाल का ट्रेड बढ़ रहा है।

**✒ एमएसएमई की सफलता का उल्लेख**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमेंट या कोयले जैसे भारी उद्योगों के महत्व के बावजूद, एमएसएमई सेक्टर का वाल्यूम या स्कोप बहुत ज़्यादा है। उन्होंने आंकड़े देते हुए कहा कि राज्य में लगभग 1.3 करोड़ लोग सिर्फ़ एमएसएमई सेक्टर में काम करते हैं। इसके अलावा, लगभग 1.5 करोड़ लोग, खासकर महिलाएं, लगभग 15 लाख सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स या आनंदधारा से जुड़ी हैं। ममता ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को रोजग़ार मिलने से राज्य की अर्थव्यवस्था को एक मज़बूत नींव मिली है। ममता ने दावा किया कि शापंग माल या आनलाइन शापिंग के ज़माने में भी, आस-पड़ोस या लोकल बाज़ारों में छोटी किराना दुकानों का महत्व कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 60 से 65 लाख छोटे-बड़े व्यापारी हैं। आस-पड़ोस की किराना दुकानों से लेकर सब्ज़ी बेचने वालों तक - ये सभी सप्लाई चेन का एक अहम हिस्सा हैं। जब घर पर अचानक मेहमान आ जाते हैं या किसी कार्यक्रम में इवेंट मैनेजमेंट फेल हो जाता है, तो ये आस-पड़ोस की दुकानें उम्मीद जगाती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में एक करोड़ से ज़्यादा लोग इस बिजनेस से जुड़े हैं, और कहा कि आप सभी बंगाल की इकानमी की रीढ़ हैं।

**✒ नोटबंदी और कैशलेस इकानमी की आलोचना**

मुख्यमंत्री ने इस मंच से 2016 में केंद्र सरकार द्वारा नोटबंदी के फ़ैसले की फिर आलोचना की। केंद्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कई लोगों ने सोचा था कि नोटबंदी से सारी दिक्क़तें हल हो जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कैशलेस इकानमी की भी आलोचना करते हुए ममता ने कहा कि भारत एक कैशलेस समाज है - यह कहना आसान है, लेकिन अगर हाथ में पैसा नहीं है, तो इकानमी काम नहीं करती। अपना उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पास कोई डेबिट या क्रेडिट कार्ड नहीं है और उन्हें उनकी ज़रूरत भी नहीं है। उनके मुताबिक, इकानामी तभी ठीक या काम कर रही है जब आम आदमी के हाथ में नकद हो।

### बंगाल में व्यापार की अपार संभावनाएं, सरकार-व्यापारी संवाद से विकास को मिलेगी नई गति : सुशील पोद्दार



मुख्यमंत्री का स्वागत करते सुशील पोद्दार व पैट्रॉन वीके भंडारी

सीडबल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेडर्स एसोसिएशन के तहत राज्य की 100 से अधिक व्यापारिक संघ जुड़े हुए हैं और इसके सदस्यों की संख्या 10 लाख से अधिक है। छोटे, मध्यम और बड़े सभी वर्गों के व्यापारियों की भागीदारी ही इस संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। सुशील पोद्दार ने कहा कि पश्चिम बंगाल देश की कुल आबादी का लगभग 8 से 9 प्रतिशत हिस्सा रखता है, जिसका सीधा अर्थ है कि राज्य में उपभोग की संभावनाएं काफी अधिक हैं। उन्होंने बताया कि बंगाल में एमएसएमई की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जो राज्य की मजबूत व्यापारिक नींव को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां भी वे जाते हैं, वहां लोग बंगाल में व्यवसाय करने की इच्छा जताते हैं। उनके अनुसार, राज्य में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं और यहां व्यापार को और आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सही योजना, अनुशासन और संगठित प्रयासों के साथ व्यावसायिक सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर एसोसिएशन के सलाहकार एनके कपाडिया, उपाध्यक्ष प्रदीप लुहारीवाला, उपाध्यक्ष सीके वर्दराजन, सचिव जेएल बर्दिया, संयुक्त सचिव चंद्रेश मेघानी, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, उपाध्यक्ष गोकुल बिहारी, उपाध्यक्ष इकबाल पटेल, उपाध्यक्ष चंदन रॉय, संयुक्त सचिव उत्तम बसाक के साथ-साथ अन्य सदस्यों में जयंत कुंडु, धीमान दास, रतन गोयल, आरके राठी उपस्थित थे।

## अचानक 'मां कैंटीन' पहुंची मुख्यमंत्री ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एसएसकेएम अस्पताल के पास 'मां कैंटीन' में औचक पहुंची। मुख्यमंत्री ने पहले वहां का काम देखा और फिर वहां जरूरतमंद लोगों को अपने हाथ से भोजन भी प्रदान किया। ममता के अनुसार, हमने 2021 में 'मां कैंटीन' शुरू की थी, जिसका मकसद बंगाल के शहरों और गांवों के आम लोगों को दो वक्त का सस्ता खाना देना है। चावल, दाल, सब्जी और अंडे लोगों को सिर्फ 5 रुपए में मिलते हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य सरकार के व्यवस्था के तहत हर कोई 'मां कैंटीन' से सस्ते दाम पर खाना खा सकता है। ममता ने उक्त जानकारी को सोशल मीडिया में शेयर करते हुए भी लिखा कि हमने पश्चिम बंगाल के हर बाजार और 'हॉकरी' वाले इलाके में 'मां कैंटीन' शुरू की है। राज्य के अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में कई 'मां कैंटीन' हैं। यह 'मां कैंटीन' बंगाल में महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप की सदस्य चलाती हैं। आज मैं अचानक एसएसकेएम हॉस्पिटल के पास बनी 'मां कैंटीन' पहुंच गई। भूखे लोगों को खाना देकर मुझे एहसास हुआ कि सेवा ही हमारा परम धर्म है। वहां मौजूद लोगों का प्यार और आशीर्वाद पाकर मैं काफी इमोशनल हो गई हूं। बंगाल के लोगों की भलाई और सुविधा के लिए, हमारी मां, माटी व मानुष की सरकार हर तरह से लोगों के साथ है और आगे भी रहेगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्य के लिए "खूली" ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है।

**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण**–1: 15–2025–कालोनी, कार्य का नाम– 1:– गोरखपुर क्षेत्र में 568 किलोवाट क्षमता के सोलर पीवी संयंत्रों का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 4,34,71,661.12, बयाने की राशि: ₹ 3,67,400.00, ई–निविदा फार्म का मूल्य– शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से– 09 माह।

ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 06.01.2026 समय 15:00 बजे तक, इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नही किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवँ निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी**
**मुजाधि/विद्युत–216 गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्व रेलवे**

मुख्य कार्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 नीचे उल्लिखित कार्यों को हाथ में लेने के लिए मछली पकड़ने का अनुभव रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: एईएन-शॉप-फिशिंग-एसटी-25-26, दिनांक 15.12.2025। कार्य का नाम:** पांच वर्षों की अवधि के लिए मुख्य कार्य प्रबंधक/लिलुआ के अधीन लिलुआ में रेलवे साउथ टैंक के लिए मछली पकड़ने का अधिकार। **आरक्षित मूल्य:** ₹ 9,77,040। **बयाना राशि:** ₹ 97,800। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: एईएन-शॉप-फिशिंग-एनटी-25-26, दिनांक 15.12.2025। कार्य का नाम:** पांच वर्षों की अवधि के लिए मुख्य कार्य प्रबंधक/लिलुआ के अधीन लिलुआ में रेलवे नॉर्थ टैंक के लिए मछली पकड़ने का अधिकार। **आरक्षित मूल्य:** ₹ 13,41,006। **बयाना राशि:** ₹ 1,34,200। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति की तारीख से पांच वर्ष (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** (1) 05.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक (निविदा संख्या : एईएन-शॉप-फिशिंग-एसटी-25-26 के लिए) तथा (2) 05.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक (निविदा संख्या: एईएन-शॉप-फिशिंग-एनटी-25-26 के लिए)। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे अपने प्रस्ताव उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहींहीं किया जायेगा। (MISC-331/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा]: ई-निविदा संख्या: 227_2025-26, दिनांक: 15.12.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधीन पीडब्ल्यूआई/पाकुड़ के अधीन 02 वर्षों की अवधि के लिए पाकुड़ क्वैरी का पुनरुद्धार एवं उसका रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 4,81,55,553.15। **बयाना राशि:** ₹ 3,90,800। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 24 (चौबीस) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 07.01.2026 को दोपहर 2:00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान उपर्युक्त वेबसाइट के जरिये सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (HWH-463/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा,
उप मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट/भोपाल
निविदा क्र - BPL-PROJECT-EPC-2025-01R
दिनांक: 12/12/2025

उप मुख्य विद्युत अधियंता पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है।, **निविदा सूचना क्रमांक– BPL-Project-EPC-2025-01R** दिनाँक: 12/12/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे के भोपाल मंडल के बीना से रूथियाई सेक्शन के बीच 132 केवी/2x25 केवी स्कॉट से जुड़े ट्रेक्शन सब स्टेशन और स्विचिंग पोस्टों का डिजाइन/संशोधन, आपूर्ति स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, एटी सहित कार्य, **निविदा की कीमत रूपये**– 906554187.31, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदी जा सकती है।** उप मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट/भोपाल, **बयाना राशि रूपये**– 4532800.00, **समापन अवधि (दिन)**– 540 दिन, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 17.00 बजे तक**– 12/01/2026, 17:00hrs., **2.11.4 (i) के अनुसार तकनीकी बोलियां खोलना समय**– 19/01/2026, 11:30 hrs., निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "http://ireps.gov.in". उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट में डाउन लोड की जा सकती है।

(हस्ता.)
उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट)
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या 48/2025

निविदा सं. 8125WCRTP-2 जिसके खुलने की तिथि 08/01/2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. **EPS/110/2025** के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है–

| Tender No. & short Description | Earnest Money (INR) | |
|---|---|---|
| 8125WCRTP-02 Description : Manufacture एंड सप्लाई ऑफ CMS क्रासिंग 1 in 12,60 kg | Existing value | Modified value |
| EMD | 5000000/- | 2000000/- |

अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** देखें
(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## मेस्सी के कार्यक्रम में अराजकता : डीजी राजीव, प्रिंसिपल खेल सचिव राजेश व कमिश्नर मुकेश ने दिया शोकॉज का जवाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** युवा भारती स्टेडियम में हुए हंगामा व तोड़फोड़ की घटना को लेकर जहां राज्य के खेल मंत्री अरुप विश्वास ने इस्तीफा दिया है। वहीं, राज्य पुलिस के महानिदेशक राजीव कुमार और खेल विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश कुमार सिन्हा ने शोकॉज का जवाब दिया है। सूत्रों के मुताबिक, बिधाननगर के पुलिस कमिश्नर मुकेश कुमार ने भी शोकॉज का जवाब दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनी रिटायर्ड जस्टिस असीम कुमार रॉय की अगुवाई वाली कमेटी ने मंगलवार को युवा भारती स्टेडियम में हुई घटना में इन तीन वरीय अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। उक्त अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, राज्य पुलिस प्रशासन के तीनों बड़े अधिकारियों ने तय समय के अंदर जांच कमेटी को अपने लिखित जवाब सौंप दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, शोकॉज नोटिस के जवाब में खेल विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश कुमार सिन्हा ने लिखा कि जो तय कार्यक्रम की जानकारी दी गई थी। वह मेस्सी के कार्यक्रम के लिए जमा किए गए प्लान से मैच नहीं करता था। जैसा होना था वैसा नहीं हुआ। कार्यक्रम आयोजन करने वाली संस्था ने बदलाव किए थे। दूसरे शब्दों में, खेल विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने घटना के दिन युवा भारती में हुई अव्यवस्था के लिए सीधे आयोजक सतद्रु दत्ता की लापरवाही की ओर इशारा किया। संबंधित सूत्रों से यह भी पता चला है कि शोकॉज नोटिस के जवाब में खेल विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने यह भी याद दिलाया कि खेल विभाग कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था सह कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार नहीं है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि डीजी राजीव कुमार ने शोकॉज नोटिस के जवाब में क्या लिखा। अब देखते हैं कि जांच कमेटी इस मामले में आगे क्या कदम उठाती है।

### युवा भारती में तोड़फोड़ मामले में एक और गिरफ्तारी, एसआईटी ने घटनास्थल का किया दौरा



सॉल्टलेक स्टेडियम में पिछले सप्ताह अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम में हुई तोड़फोड़ के मामले की जांच के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बुधवार को अपना कार्य शुरू कर दिया। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों पीयूष पांडे, जावेद शमीम, सुप्रतिम सरकार और मुरलीधर की टीम ने स्टेडियम का दौरा किया और बाद में पास के बिधाननगर पुलिस आयुक्त कार्यालय गए। इस बीच, बिधाननगर पुलिस ने स्टेडियम में हुई तोड़फोड़ के सिलसिले में एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या छह हो गई है। अधिकारी ने बताया कि ईएम बाइपास के पास चिंगरीघाटा निवासी आरोपी रूपक मंडल की पहचान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से हुई। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में यह व्यक्ति दिखाई दिया है। हम उससे पूछताछ कर रहे हैं और स्टेडियम में तोड़फोड़ करने के पीछे का कारण जानने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि बिधाननगर पुलिस ने इससे पहले स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर बासुदेव दास, संजय दास, अभिजीत दास, गौरव बसु और सुभ्रप्रतिम डे नाम के पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

### ममता ने सोमवार को बुलाई बूथ लेवल एजेंटों की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी सोमवार को यहां पार्टी के बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) की एक बैठक को संबोधित करेंगी। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बैठक में राज्य की मसौदा मतदाता सूची से 58 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए जाने के बाद एसआईआर के दूसरे चरण के लिए मतदाता सूची रणनीति तैयार की जाएगी। निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बढ़ते राजनीतिक असंतोष के बीच यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में होने वाली बैठक का उद्देश्य दावों और आपत्तियों, जमीनी स्तर पर सत्यापन तथा सुनवाई के दौरान मतदाताओं की सहायता में बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका को मजबूत करना है।

## कुछ भी ऐसा काम ना करें जिससे पार्टी की छवि खराब हो : अभिषेक बनर्जी

**✒ तृणमूल नेता ने पार्टी सांसदों के साथ की बैठक, दिया सख्त संदेश**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा में पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को टीएमसी संसदीय कार्यालय में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में अभिषेक बनर्जी ने अपनी पार्टी के नेताओं को फटकार लगाई और कहा कि कुछ भी ऐसा काम ना करें कि पार्टी की छवि खराब हो। अभिषेक बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के सांसदों को उनके व्यक्तिगत व्यवहार और लाइफस्टाइल को लेकर चेतावनी भी दी। अभिषेक बनर्जी ने पार्टी की परमिशन लिए बिना दूसरे पार्टी नेताओं और अन्य सांसदों के बुलावे पर पार्टी में जाने और पार्टी की परमिशन के बिना मंत्रियों से मिलने जाने पर गुस्सा जाहिर किया। अभिषेक बनर्जी ने बिना नाम लिए कड़ा संदेश देते हुए कहा कि किसी के भी व्यवहार से पार्टी की इमेज खराब नहीं होनी चाहिए। अभिषेक बनर्जी ने पार्टी सांसदों को निर्देश दिया कि पार्टी नेतृत्व की अनुमति के बिना किसी भी केंद्रीय मंत्री से मुलाकात न करें। इसी तरह से उन्होंने पार्टी सांसदों को निर्देश दिया कि पार्टी की अनुमति के बिना अन्य पार्टी नेताओं की पार्टियों में शामिल न हों। इसके साथ ही उन्होंने सांसदों से कहा कि आप यहां टीएमसी के प्रतिनिधि के रूप में, अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में हैं, उसका प्रतिष्ठा बनाए रखें। इसके अलावा, अभिषेक बनर्जी ने पार्टी सांसदों को सेंट्रल एलोकेशन का मुद्दा बार-बार उठाने का आदेश दिया है। उन्होंने पार्लियामेंट में सवाल पूछने में पार्टी सांसदों की भूमिका की भी तारीफ की।

### अभिषेक बनर्जी शुक्रवार को सोनाली बीबी से करेंगे मुलाकात

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी सोनाली बीबी से मिलेंगे। वह बांग्लादेश से लौटी सोनाली से 19 दिसंबर को मिलेंगे। बुधवार को संसद परिसर के बाहर तृणमूल सांसद ने कहा कि मैं शुक्रवार को सोनाली खातून के परिवार से मिल रहा हूं। उनके पूरे परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। हम संपर्क में था। हालांकि, सोनाली बीबी के पति और उनकी पड़ोसी स्वीटी खातून अभी भी बांग्लादेश में हिरासत में हैं। सोनाली के साथ स्वीटी को भी 'बांग्लादेशी घुसपैठिया' बताकर बांग्लादेश वापस भेज दिया गया था। अभिषेक बनर्जी ने इन सभी परिवारों के साथ खड़े रहने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि मैं सबसे कहूंगा, चिंता मत करो। तृणमूल आपके साथ है।

**हावड़ा मंडल के तहत पावर और ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के तहत कटवा-आजिमगंज खंड में आजिमगंज और पोड़ाडांगा स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 29/बी/टी (किमी 178/2-4) पर लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए, दिनांक **20.12.2025 (शनिवार)** को **07 घंटे 10 मिनट (08.50 बजे से 16.00 बजे तक)** के लिए **पावर और ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:

● **निरस्तीकरण [दिनांक 19.12.2025 (शुक्रवार)]: आजिमगंज से**-53027, 53029, **[दिनांक 20.12.2025 (शनिवार)]: आजिमगंज से**-63433, 53433, **रामपुरहाट से**-63434, 63008, **मालदा टाउन से**-53028, **भागलपुर से** - 53030, **निमतीता से** - 53052, **कटवा से** - 63013 और **बड़हरवा से** - 53434

● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू [दिनांक 20.12.2025 (शनिवार)]:** (1) 13177 / 13178 **सियालदह - जंगीपुर रोड - सियालदह एक्सप्रेस** जंगीपुर रोड स्टेशन के बदले लालबाग कोर्ट रोड पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/लालबाग कोर्ट रोड से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। (2) 63007 **कटवा - रामपुरहाट एमईएमयू** रामपुरहाट स्टेशन के बदले आजिमगंज में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। (3) 53053 **कटवा - निमतीता पैसेंजर** निमतीता स्टेशन के बदले आजिमगंज में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी।

● **पुनर्निर्धारण:** (1) **13017 हावड़ा - आजिमगंज गणदेवता एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.12.2025) को 4 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, यानी 06.05 बजे के बदले **10.05 बजे** हावड़ा से छूटेगी। (2) **13018 आजिमगंज - हावड़ा गणदेवता एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.12.2025) को 13017 के आने के बाद आजिमगंज से सुविधानुसार पुनर्निर्धारित किया जाएगा। (3) **13126 सायरंग - कोलकाता एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.12.2025) को 4 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, यानी 07.15 बजे के बदले **11.15 बजे** सायरंग से छूटेगी।

● **नियंत्रण: 63031 कटवा - आजिमगंज एमईएमयू** (यात्रा शुरू दिनांक 20.12.2025) को मार्ग में 20 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा।

ब्रिज सं. 141 (किमी 88/18-20), ब्रिज सं.143 (किमी 89/26-28) और ब्रिज सं. 171 (किमी 109/26-28) पर एक साथ री-गर्डरिंग के कार्य के लिए, दिनांक **21.12.2025 (रविवार)** को हावड़ा मंडल के तहत मल्लारपुर और तारापीठ रोड स्टेशनों के बीच **11.30 बजे से 18.30 बजे तक** तथा नलहाटी और स्वादिनपुर स्टेशनों के बीच **11.00 बजे से 18.00 बजे तक** डाउन और रिवर्स लाइनों पर **पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:

● **निरस्तीकरण [दिनांक 21.12.2025 (रविवार)]: रामपुरहाट से**-63584, 63026, **बर्द्धमान से** - 63581, 63063 और **तीनपहाड़ से** - 63064

● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू [दिनांक 21.12.2025 (रविवार)]:** (1) 63007 **कटवा - रामपुरहाट एमईएमयू** आजिमगंज स्टेशन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। (2) 13187/13188 **सियालदह - रामपुरहाट-सियालदह माँ तारा एक्सप्रेस** रामपुरहाट स्टेशन के बदले सांइथिया में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/सांइथिया से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी।

● **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**खड़गपुर मंडल के तहत विविध स्टैटिक सेवाओं और पे एंड यूज शौचालय अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना**


**ई-नीलामी सूचना सं.: केजीपी/पीएनयू-एमएसएस/2025/18 दिनांक: 16.12.2025** भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है ● 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए शालीमार स्टेशन बिल्डिंग के भूतल और सांतरागाछी नई स्टेशन बिल्डिंग के प्रथम तल पर सलोन सेवाओं की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव का अनुबंध। **नीलामी कैटलॉग सं.: एमएसएस-केजीपीएमआईएससी-25, नीलामी की तिथि: 26.12.2025, नीलामी प्रारंभ/बंद होने का समय: क्रमश: 11:00 और 11:40 बजे।** ● बारीपदा में नई स्टेशन बिल्डिंग, सांतरागाछी में उत्तर दिशा की ओर पुराने बुकिंग ऑफिस के पास और उत्तर दिशा की पार्किंग के पास, सांतरागाछी में एफओबी लैंडिंग और सबवे के बीच नई स्टेशन बिल्डिंग के भूतल (हावड़ा सिरे की ओर) स्थित सामान्य पे एंड यूज टॉयलेट यूनिट, सांतरागाछी में प्लेटफॉर्म 6/7 पर पे एंड यूज टॉयलेट ब्लॉक-I (ओएचई मास्ट नंबर 7/38ए के पास) और ब्लॉक-II (ओएचई मास्ट नंबर 7/34बी के पास), खड़गपुर में दक्षिण दिशा के बुकिंग ऑफिस के पास और घाटशिला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 01 (टाटा छोर) पर 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए परिचालन और रखरखाव। **नीलामी कैटलॉग सं.: पीएनयूटीओआई-केजीपी25-16, नीलामी की तिथि: 26.12.2025, नीलामी प्रारंभ/बंद होने का समय: क्रमश: 12:30 और 13:50 बजे।** ● 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए मेचेदा के पीएफ-1/2, जलेश्वर के पीएफ-2/3, पांसकुड़ा के पीएफ-5/6, सांतरागाछी नई स्टेशन बिल्डिंग के भूतल और शालीमार स्टेशन बिल्डिंग के भूतल पर मोबाइल और एक्सेसरीज़ कियोस्क की स्थापना और संचालन का अनुबंध। **नीलामी कैटलॉग सं.: एमएसएस-केजीपी-एमओबीएल-25, नीलामी की तिथि:29.12.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमश: 11:00 और 12:10 बजे।** ● 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए सांतरागाछी नई स्टेशन बिल्डिंग के भूतल, पांसकुड़ा रेलवे स्टेशन के पीएफ-3/4 और शालीमार स्टेशन बिल्डिंग के भूतल पर प्रमोशनल कियोस्क की स्थापना और संचालन का अनुबंध। **नीलामी कैटलॉग सं.: एमएसएस-पीआरओएमकेआईओएस-25, नीलामी की तिथि:30.12.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमश: 11:00 और 11:50 बजे।** ● 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए पांसकुड़ा के पीएफ-5/6 और मेचेदा रेलवे स्टेशन के पीएफ-3/4 पर पूजा सामग्री कियोस्क की स्थापना और संचालन का अनुबंध। **नीलामी कैटलॉग सं.: एमएसएस-केजीपी-पूजा-1, नीलामी की तिथि:31.12.2025, नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमश: 11:00 और 11:40 बजे।** ● 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए सांतरागाछी की नई स्टेशन बिल्डिंग के भूतल और शालीमार स्टेशन बिल्डिंग के भूतल पर डिजिटल लॉकरों की स्थापना, परिचालन और रखरखाव का अनुबंध। **नीलामी कैटलॉग सं.: एमएसएस-केजीपी-डीआईजीएलओसीके, नीलामी की तिथि : 02.01.2026, नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमश: 11:00 और 11:40 बजे।** ● 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए मेचेदा के पीएफ-3/4, पांसकुड़ा के पीएफ-3/4 और शालीमार स्टेशन बिल्डिंग के भूतल पर रिलैक्सेशन चेयरों की स्थापना, परिचालन और रखरखाव का अनुबंध। **नीलामी कैटलॉग सं.: एमएसएस-केजीपी-आरएक्सचेयर, नीलामी की तिथि : 05.01.2026, नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमश: 10:00 और 10:50 बजे।** ● 5 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए मेचेदा में 1 पार्सल स्कैनर, बालेश्वर में 1 पार्सल स्कैनर, पांसकुड़ा में 1 पार्सल स्कैनर, शालीमार में 4 पार्सल स्कैनर, खड़गपुर में 1 पार्सल स्कैनर और हिजली रेलवे स्टेशन में 1 पार्सल स्कैनर की स्थापना। **नीलामी कैटलॉग सं.: एमएसएस-केजीपी-पीएस-25-5, नीलामी की तिथि : 06.01.2026, नीलामी शुरू/बंद होने का समय: क्रमश: 11:00 और 12:20 बजे,** जो **https://www.ireps.gov.in/ वेबसाइट** में सूचित किए गए हैं। इच्छुक पार्टी और ठेकेदार इस पर ध्यान दें एवं ई-नीलामी सूचना के विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-968) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## टीएमसी के शासन में राज्य में औद्योगिक गतिविधियों में भारी गिरावट : भाजपा

**✒ सरकार के बिजनेस सम्मेलन से पहले प्रदेश भाजपा ने राज्य में उद्योग की स्थिति पर जारी किया बुकलेट**





**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा की प्रदेश इकाई ने बुधवार को आरोप लगाया कि 2011 में जब से टीएमसी बंगाल की सत्ता में आई है, राज्य में औद्योगिक गतिविधियों में भारी गिरावट आई है। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी ने दावा किया कि टीएमसी के शासन में बंगाल उद्योग व रोजगार के लिए जूझ रहा है। राज्य सरकार द्वारा गुरुवार को आयोजित किए जाने वाले बिजनेस सम्मेलन से एक दिन पहले प्रदेश भाजपा ने राज्य में उद्योग की स्थिति पर एक बुकलेट- 'पश्चिम बंगाल : औद्योगिकीकरण का कब्रिस्तान' जारी किया, जिसमें इस बात पर जार दिया गया कि राज्य में रोजगार पैदा करने के लिए बड़े उद्योग स्थापित करना समय की जरूरत है। इस दिन, सुबह में एक संवाददाता सम्मेलन में बुकलेट जारी करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि बड़े औद्योगिक घरानों ने बंगाल छोड़ दिया है, जिससे राज्य में औद्योगिकीकरण की संभावनाओं को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बंगाल में सिंगुर और नंदीग्राम में हुई घटनाओं ने देश भर के उद्योगपतियों को गलत संदेश दिया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और टीएमसी को जिम्मेदार ठहराया। शुभेंदु ने कहा कि बंगाल को फिर से इंडस्ट्रियलाइज करने का एकमात्र समाधान बड़े उद्योग स्थापित करना है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार को ऐसी नीतियां बनानी चाहिए, जिसमें उद्योग के लिए किसानों से ली गई जमीन पर बनने वाली यूनिट्स में उन्हें मालिकाना हक दिया जाना चाहिए। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद ममता सरकार द्वारा निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 2015 से कोलकाता में आयोजित वार्षिक बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) एक फ्लाप शो रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन बीजीबीएस सम्मेलनों को आयोजित करने में जो करोड़ों-करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, वह उन फायदों से कहीं ज्यादा है जो जमीनी स्तर पर होने वाले असल निवेश के मामले में बंगाल को मिलने चाहिए थे।

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के शासन में बंगाल का आंतरिक कर्ज बहुत ज़्यादा बढ़ गया है, और राज्य को ऊपर उठाने का एकमात्र समाधान बड़े उद्योग स्थापित करना है। शुभेंदु ने कहा कि बंगाल को जो बड़े निवेश मिले हैं, वे केंद्र सरकार के उपक्रमों द्वारा किए गए हैं, चाहे वह एयरपोर्ट, रेलवे, बंदरगाह, सड़कें या पेट्रोलियम सेक्टर हो। उन्होंने राज्य सरकार पर बीजीबीएस से मिले निवेश प्रस्तावों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने और झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया और कहा कि हर बार यह फ्लाप शो रहा है।

# हाई कोर्ट ने जीटीए स्कूलों की 317 शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द की

## भ्रष्टाचार के आरोपों की सीआईडी जांच रहेगी जारी रहेगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने पहाड़ी इलाकों में शिक्षक भर्ती से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) को बड़ा झटका देते हुए 317 शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति बिस्वजीत बसु ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया कानून के खिलाफ और पूरी तरह अवैध है। ये नियुक्तियां गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन द्वारा की गई थीं, जो बाद में कानूनी जांच के दायरे में आईं। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन की एक बैठक में रोशन गिरी ने शिक्षकों के नियमितीकरण का प्रस्ताव रखा था, लेकिन राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव पर



स्पष्ट आपत्ति जताई थी। गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन की ओर से दलील दी गई कि उस समय की राजनीतिक स्थिति के कारण नियमित भर्ती संभव नहीं थी। हालांकि, अदालत ने इस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील को स्वीकार किया कि उसी अवधि में अन्य विभागों में नियुक्तियां की गई थीं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भर्ती असंभव होने का दावा निराधार है। न्यायमूर्ति बसु की पीठ ने टिप्पणी की कि जिस प्रक्रिया को नियमितीकरण बताया गया, वह वास्तव में नई भर्ती थी। अदालत ने कहा कि नियमितीकरण के नाम पर नई नियुक्तियां की गईं, जो कानून का सीधा उल्लंघन है। गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन ने यह भी दावा किया कि ये नियुक्तियां निजी स्कूलों में की गई थीं, लेकिन अदालत ने इस दलील को भी स्वीकार नहीं किया। गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन अधिनियम की धारा 73 का हवाला देते हुए अदालत ने कहा कि ये स्कूल कानून के तहत संचालित होते हैं और राज्य सरकार के नियंत्रण में आते हैं। नियुक्तियां रद्द करने के साथ ही अदालत ने इस मामले में सीआईडी की जांच जारी रखने का भी निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन नियंत्रित क्षेत्रों में शिक्षक भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोप राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग की शिकायत के बाद सामने आए थे। इस मामले में बिधाननगर उत्तर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसी शिकायत के आधार पर पहले न्यायमूर्ति बसु की एकल पीठ ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने इस आदेश को चुनौती देते हुए खंडपीठ का रुख किया था। 19 अप्रैल 2024 को न्यायमूर्ति हरीश टंडन और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद की खंडपीठ ने सीबीआई जांच को बरकरार रखा था।

## हाई कोर्ट ने पार्क सर्कस मैदान में सर्कस पर रोक से किया इनकार, फिलहाल आयोजन जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पर्यावरण प्रेमियों की आपत्तियों को खारिज करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने पार्क सर्कस मैदान में सर्कस आयोजन पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सर्कस को बंद करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर सर्कस बंद करने का कोई आदेश नहीं दिया जाएगा। हालांकि अदालत ने पर्यावरण सुरक्षा को लेकर नगर निगम को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई हाई कोर्ट की शीतकालीन छुट्टियों के बाद होगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि सर्कस बंद किए जाने के समर्थन में तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल किया जाए। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि पार्क सर्कस मैदान में सर्कस आयोजन के दौरान पर्यावरण को किसी प्रकार की क्षति नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि वर्ष 2014 के बाद पार्क सर्कस मैदान में सर्कस का आयोजन नहीं हुआ था। पर्यावरण प्रदूषण के कारण उस समय सर्कस पर रोक लगाई गई थी। चालू वर्ष में नगर निगम से आवश्यक अनुमति मिलने के बाद सर्कस दोबारा शुरू हुआ, जिसके खिलाफ जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि इससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ेगा और सुबह टहलने आने वाले लोगों को असुविधा होगी।

## चाकदह में अज्ञात महिला का रक्तरंजित शव मिलने से फैली सनसनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया, जिले में चाकदह थाना अंतर्गत सूटर हाटखोला रोड के किनारे बुधवार को एक महिला का रक्तरंजित शव बरामद हुआ। खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला की उम्र लगभग 30 वर्ष के भीतर होगी। इस दिन, सुबह में बाजार आने वाले लोगों ने शव को पड़ा देखा। उनका दावा है कि महिला का गला कटा हुआ था और रक्तरंजित था। घटना की सूचना मिलते ही चाकदह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को उठाकर पहले चाकदह स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद, पोस्टमॉर्टम के लिए कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल में भेजा गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की सही जानकारी मिल सकेगी।

## बंगाल में कुलपति नियुक्ति मामले की सुनवाई जनवरी तक स्थगित

**नई दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार से सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में नियमित कुलपतियों की नियुक्ति से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई बुधवार को अगले वर्ष जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस के कार्यालय की ओर से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि की दलीलों पर गौर किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ सकारात्मक प्रगति हुई है। शीर्ष अदालत ने अटॉर्नी जनरल और राज्य सरकार के वकील के संयुक्त अनुरोध पर मामले की सुनवाई जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। बता दें कि पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार के सहायता प्राप्त 36 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच लंबे समय से विवाद जारी है। इस टकराव को समाप्त करने के उद्देश्य से उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष आठ जुलाई को पूर्व प्रधान न्यायाधीश यू. यू. ललित की अध्यक्षता में एक खोज-सह-चयन समिति का गठन किया था ताकि कुलपतियों की नियुक्ति की प्रक्रिया की निगरानी की जा सके। शीर्ष अदालत ने 22 अप्रैल को उस याचिका पर राज्यपाल कार्यालय से जवाब मांगा था जिसमें पश्चिम बंगाल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022 को मंजूरी देने में देरी का आरोप लगाया गया था। यह विधेयक जून 2022 में राज्य विधानसभा द्वारा पारित किया गया था। न्यायालय ने उस समय राज्यपाल के प्रधान सचिव और भारत सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा था।

## मालदह में सीमा इलाके से 12.5 लाख रुपये के नकली नोट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**मालदह :** जिले के कालियाचक में सीमा इलाके से पुलिस ने भारी मात्रा में नकली नोट बरामद किए। साथ ही, नकली नोट बेचने वाले दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम सेराजुल शेख और नीतू शेख हैं। दोनों कालियाचक के गोपालगंज इलाके के निवासी हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे गोलापगंज ग्राम पंचायत के हरिबोना इलाके में एक विशेष अभियान चलाया गया था। एक गुप्त सूत्रों से यह जानकारी मिली थी कि उस इलाके से नकली नोटों की तस्करी की जाएगी। कालियाचक थाने की पुलिस ने यह अभियान चलाया। जांचकर्ताओं ने एक बाइक सवार और एक टोटो के पैसेंजर को भी पकड़ा। उनके पास मौजूद बैग और सामान की तलाशी ली गई, जिसमें से नकली नोट मिले। उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। कुल 12.5 लाख रुपये के नकली नोटों की तस्करी की जा रही थी। ये सभी पांच सौ रुपये के नोट थे। नकली नोट कहां से लाए जा रहे थे? इनकी तस्करी कहां होनी थी? पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ करके यह पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## तमलुक में सोने की दुकान में हुई डकैती के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

➢ **आरोपियों को उत्तर प्रदेश से दबोचा गया**

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के तमलुक में स्थित एक सोने की दुकान में हुई डकैती के मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से हथियार, कारतूस और लूटे गए सोने का एक हिस्सा बरामद हुआ है। गिरफ्तार लोगों में से एक को जिले में लाया गया है। जबकि, पूर्व मेदिनीपुर पुलिस दूसरे को ट्रांजिट रिमांड पर जिले में ला रही है। पुलिस ने बताया कि गत 22 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे हथियारबंद बदमाशों के एक समूह ने मिलननगर बाजार में सोने की दुकान पर हमला किया। उन्होंने दुकान के कर्मचारियों को हथियार दिखाए, उनके हाथ और चेहरे बांध दिए, सब कुछ लूट लिया



और भाग गए। हालांकि, पुलिस घटना के चार दिन बाद दो लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाब रही, लेकिन मुख्य आरोपी अभी भी फरार था। मामले की जांच कर रही जिला पुलिस ने इलाके के करीब 171 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सुरागों के आधार पर तमलुक थाने की एक विशेष टीम दूसरे राज्य गई। उन्होंने उत्तर प्रदेश के दो लोगों को गिरफ्तार किया। बुधवार को तमलुक में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक्टिंग डिस्ट्रिक्ट सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस मितुन दे ने बताया कि उत्तर प्रदेश के आगरा और गाजियाबाद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के पास से एक पिस्टल, 10 कारतूस और करीब 160 ग्राम सोना बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगों में से एक को मंगलवार को तमलुक कोर्ट में पेश किया गया और जज ने पुलिस कस्टडी का आदेश दिया। दूसरे को ट्रांजिट रिमांड पर जिले में लाया जा रहा है।

## देह व्यापार का धंधा नहीं करने पर पति ने पत्नी पर किया धारदार हथियार से हमला

➢ **महिला अस्पताल में इलाजरत, पति फरार**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के शमशेरगंज ब्लॉक के धुलियान नगरपालिका इलाके में एक पति ने अपनी पत्नी को देह व्यापार के धंधे से मना करने पर धारदार हथियार से हमला किया। गृहिणी गंभीर हालत में मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती है। जबकि, आरोपी पति फरार है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। घायल पीड़िता का नाम श्रीमती सिंह है। वह धुलियान नगरपालिका के पहाड़घाटी गांव की निवासी है। बताया गया है कि उसकी शादी 14-15 साल पहले इलाके के आशिक मंडल नाम के युवक से हुई थी। दंपति की एक 13 साल की बेटी भी है। आरोप है कि मंगलवार की रात आशिक घर आया और अपनी पत्नी पर देह व्यापार के लिए दबाव बनाने लगा। पति का प्रस्ताव न मानने पर आशिक ने उसे पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि हंगामे के बीच आशिक ने श्रीमती सिंह पर अंधाधुंध हमला करना शुरू कर दिया। वह लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ीं। उसकी चीखें सुनकर उसकी 13 साल की बेटी दौड़कर आई। आस-पास के लोग भी आ गए। उसे बचाया गया और अनूपनगर हेल्थ सेंटर में भर्ती कराया गया। वहां उसकी हालत बिगड़ने पर उसे दूसरे हॉस्पिटल में ट्रांसफर कर दिया गया। वहां उसका गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी की तलाश के लिए पूरे इलाके में सर्च किया जा रहा है।

## हरिणघाटा में आइसक्रीम फैक्ट्री में विस्फोट, मालिक की मौत व एक घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के हरिणघाटा थाना अंतर्गत बिरही-1 ग्राम पंचायत के हलदरपाड़ा में स्थित एक आइसक्रीम फैक्ट्री में बुधवार को भीषण विस्फोट हुआ और इस विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान संतोष रॉय के रूप में की गई है। वह फैक्ट्री का मालिक था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह धमाका उक्त इलाके के गौरंगा पाड़ा निवासी संतोष रॉय की हलदरपाड़ा में एक आइसक्रीम फैक्ट्री में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, फैक्ट्री में तीन लोग काम कर रहे थे। तभी, वहां अचानक धमाका हुआ। बताया जा रहा है कि इस घटना में फैक्ट्री मालिक की मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पता चला है कि यह हादसा फैक्ट्री की मशीन का कंप्रेसर फटने से हुआ। हालांकि, यह समझ में नहीं आ रहा है कि ऐसी घटना कैसे हुई। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने आकर शव को बरामद किया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

## समर्पण ट्रस्ट 19-20 दिसंबर को आयोजित करेगा दो दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** समर्पण ट्रस्ट द्वारा 19 और 20 दिसंबर को दो दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। आधुनिक जीवनशैली की आपाधापी, बढ़ते तनाव और जीवनशैली-जनित रोगों के बीच यह शिविर स्वास्थ्य, संतुलन और आनंद की पुनः खोज के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रदीप ढेडिया ने बताया कि शिविर का मार्गदर्शन डॉ. लक्ष्मण पल्ले, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, कोनिजेटी रोशैया गवर्नमेंट नेचर क्योर हॉस्पिटल, हैदराबाद और उनकी टीम द्वारा किया जाएगा। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सीय आधारित स्वास्थ्य परीक्षण, जीवनशैली परामर्श




और शरीर-मन-आत्मा के संतुलन को पुनः स्थापित करने की वैज्ञानिक एवं सहज विधियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक एवं ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य मनीष बजाज ने बताया कि यह पहल केवल रोग निवारण तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और प्रकृति-सम्मत जीवनशैली को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का एक प्रयास है। शिविर स्वास्थ्य को एक नई दृष्टि से देखने और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। संवाददाता सम्मेलन में अभिषेक डोकानिया, सोमनाथ अड़ूकिया, अभ्युदय दूगड़, पवन खेतान, पंकज भालोटिया, गणेश अग्रवाल, मनीष बजाज, संजय जैन समेत अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद को पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। परिषद को पहला पुरस्कार हर घर संग्रहालय अभियान के लिए और दूसरा पुरस्कार अपशिष्ट से कलाकृति (वेस्ट टू आर्ट) प्रकाशन के लिए प्रदान किया गया। ये पुरस्कार 13 से 15 दिसंबर 2025 तक देहरादून, उत्तराखंड में पीआरएसआई द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में प्रदान किए गए। सम्मेलन का विषय था 2047 के लिए जनसंपर्क विजन – विकास को सशक्त बनाना,




जड़ों को संरक्षित करना। एनसीएसएम की ओर से निदेशक राजीव नाथ और जनसंपर्क अधिकारी सत्यजित ना. सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। एनसीएसएम के महानिदेशक ए.डी. चौधरी ने कहा, दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना हमारे लिए गर्व का क्षण है। ये पुरस्कार हमें और बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित करेंगे। पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार जनसंपर्क और कॉर्पोरेट संचार में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किए जाते हैं।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने पूर्व रेलवे के साथ एसटी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने बुधवार को फेयरली प्लेस स्थित मुख्यालय में पूर्व रेलवे के प्रबंधन के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रेलवे में कार्यरत एसटी कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके कल्याण को सुनिश्चित करना था। बैठक में एसटी कर्मचारियों के लिए आरक्षण, पिछड़ी रिक्तियां, कल्याण योजनाएं, शिकायत निवारण तंत्र और अन्य कर्मचारी संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. आशा लाकरा, सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली ने की। इस दौरान पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी जरीना फिरदौसी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आयोग के अन्य सदस्य भी बैठक में मौजूद रहे। डॉ. लाकरा




ने प्रशासन को सुझाव दिया कि ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी संघ, ईस्टर्न रेलवे द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों की गंभीरता से समीक्षा की जाए। ईस्टर्न रेलवे प्रशासन ने कुल स्टाफ संख्या, विभिन्न श्रेणियों में एसटी उम्मीदवारों की भर्ती और प्रमोशन की वर्तमान स्थिति को दर्शाते हुए विस्तृत पॉवरपॉइंट प्रस्तुति दी। महाप्रबंधक ने बताया कि रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है और सभी पात्र एसटी कर्मचारियों को उनके अधिकार और सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आधिकारिक बैठक से पूर्व, एनसीएसटी प्रतिनिधिमंडल ने एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उनकी मांगों और चिंताओं को समझा।

## टाटा मोटर्स ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 में भारत की जीत टाटा सिएरा उपहार से मनाई




**कोलकाता, समाज्ञा :** टाटा मोटर्स ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत का भव्य जश्न मनाया। इस अवसर पर विजेता टीम को सम्मानित किया गया और उनकी उपलब्धि को राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण बताया गया। कार्यक्रम में टाटा संस और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन तथा टीएमपीवीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्र उपस्थित रहे। समारोह के दौरान भारतीय महिला टीम को हाल ही में लॉन्च की गई टाटा सिएरा के साथ देखा गया, जिसे आधुनिक स्वरूप में पुनः पेश किया गया है। सम्मान और गौरव के प्रतीक के रूप में टाटा मोटर्स ने घोषणा की कि विजेता टीम के प्रत्येक सदस्य को टाटा सिएरा उपहार में दी जाएगी। टाटा मोटर्स की यह पहल खेल जगत में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने और देश को प्रेरित करने वाली उपलब्धियों का उत्सव मनाने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## पूर्व रेलवे ने क्षेत्रीय रेल हिंदी नाट्योत्सव-2025 का किया भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को 'क्षेत्रीय रेल हिंदी नाटक प्रतियोगिता-2025' का भव्य आयोजन उदिसा प्रेक्षागृह, फेयरली प्लेस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर परमानंद शर्मा, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) विक्रम सिंह तथा प्रधान मुख्य इंजीनियर विक्रम गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में अपर महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह सहित मुख्यालय, विभिन्न मंडलों एवं कारखानों के वरिष्ठ रेल अधिकारी भी मौजूद थे। प्रतियोगिता में पूर्व रेलवे के विभिन्न मंडलों और कारखानों ने सामाजिक, सांस्कृतिक और समसामयिक विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन किया। हावड़ा मंडल ने भ्रष्टाचार पर केंद्रित



'गुप्त विद्या', कांचरापाड़ा कारखाने ने सामाजिक भेदभाव पर आधारित 'महाभारत का गदा युद्ध', आसनसोल मंडल ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर आधारित 'पहलगाम' तथा जमालपुर कारखाने ने मानवीय मूल्यों के ह्रास को दर्शाते हुए 'लहु किसका?' नाटक प्रस्तुत किया। कलाकारों के सशक्त अभिनय और प्रभावी निर्देशन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायकों के निर्णयानुसार, कांचरापाड़ा कारखाना प्रथम, जमालपुर कारखाना द्वितीय, आसनसोल मंडल तृतीय तथा हावड़ा मंडल प्रेरणा स्थान पर रहा। निर्णायकगण प्लावन बसु और सुशील कान्ति द्वारा चयनित विभिन्न 15 श्रेणियों में विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार राशि महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर द्वारा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक राजभाषा श्री विक्रम सिंह एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉ. मधुसूदन दत्त द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।

## भवदीय यात्रा करनी है तो रसना-वासना के सुख से ऊपर उठना होगा : गौरदास महाराज

❑ **एकल श्रीहरि सत्संग समिति के पंचदिवसीय 'श्री मीरा चरित्र' का तीसरा दिन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'संसार में प्रायः प्राणी की चेतना उसके मूलाधार के पास होती है जिससे कोई व्यक्ति अपनी चेतना का विकास ही नहीं कर पाता और उसका दिल-दिमाग केवल भोग में ही अटका रहता है लेकिन जिसको भवदीय यात्रा करनी है उसको रसना-वासना के सुख से ऊपर उठना होगा और इसके श्रवण भक्ति, कीर्तन नाम जप भक्ति और स्मरण भक्ति की त्रिवेणी में स्नान करना होगा। ये उद्गार गौरदास महाराज ने एकल श्रीहरि सत्संग समिति, कोलकाता की ओर से आयोजित पांच दिवसीय 'श्री मीरा चरित्र ' के तीसरे दिन की कथा सनाते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि 'मेरो तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई...', यह मीरा जी का



कोई गीत नहीं है। यह मीरा के जीवन की प्रतिज्ञा है, यह मीरा जी का चरित्र है, उनके प्राण हैं। इन शब्दों की कोई रचना नहीं की गई है, ये तो उनकी आत्मा की आवाज है। महाराजश्री ने मीरा जी के चरित्र पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आगे मीरा जी ने कहा कि – असुवन जल सींच सींच प्रेम बेली बोई अर्थात प्रभु के प्रति प्रेम की बेल को सींचने के लिए अश्रुजल चाहिए और फिर कहती हैं – अब तो बेली फैल गई आनन्द फल होई! अर्थात जब यह बेल पल्लवित हो गई तो आनन्द रूपी फल प्राप्त होना ही है। इससे पूर्व, हरिद्वार से पधारे संत महामण्डलेश्वर बालकानन्द ने श्रद्धालुओं को अपने उद्गारों से धन्य किया।

कथा प्रारम्भ से पूर्व वनबंधु परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सजन कुमार बंसल, प्रदीप तोदी कथा के मुख्य यजमान मनोज बेसवाल, आज के यजमान बनवारी लाल सोती, किशन कुमार केजरीवाल, बसंत पारख, संदीप शाह, मीरा विवाह उत्सव यजमान मनोहर लाल-राकेश दीवान, नरेश क्याल, जितेन्द्र गोयनका, विनय परसरामपुरिया, राजकुमार भट्टर, अशोक रावलवासिया के अलावा सर्वश्री गिरधर लाल सोनी, गिरीश सोनी, दिलीप चौधरी, रमेश कुमार सरावगी, रमेश कुमार माहेश्वरी, बुलाकी दास मिमानी, प्रवीण अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, प्रदीप रावलवासिया, प्रदीप गोयनका, सुभाष मुरारका, अनिल कारीवाल, मनोज चेतानी, विकास पोद्दार, महेश भुवालका, नितीन सिंघी, अनुराग गुप्ता, नन्द किशोर माहेश्वरी, विनय चुग, प्रमोद ढांढनिया, नटवर बंग, रामविलास मिरानिया, सुरेन्द्र अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल आदि गणमान्य लोगों ने व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुधा भट्टर व प्रकाश चंडालिया ने भावपूर्ण संचालन किया। आज कथा प्रसंग के अनुसार, मीरा विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। देवेन्द्र बालासरिया ने कथा श्रवणकर्त्ताओं के लिए प्रसाद का प्रबंध किया। केंद्रीय रथ प्रभारी बुलाकी दास मिमानी ने बताया कि 'अनमोल ग्रुप' की ओर से स्व. बैजनाथ चौधरी की स्मृति में प्रदत्त श्रीहरि रथ का लोकार्पण समारोह महाराजश्री के कर-कमलों से कथा स्थल पर 18 दिसम्बर को होगा। यह कथा 19 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 4 से 7 बजे तक चलेगी।

## सियालदह के डीआरएम ने गंगासागर मेला 2026 की तैयारियों का किया निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन के डीआरएम राजीव सक्सेना ने आगामी गंगासागर मेला 2026 की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए बुधवार को काकद्वीप और नामखाना रेलवे स्टेशनों का दौरा किया। गंगासागर मेला, जो मकर संक्रांति के अवसर पर पश्चिम बंगाल के गंगासागर में हर साल आयोजित होता है, देशभर से हजारों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है। डीआरएम ने निरीक्षण के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए मे आई हेल्प यू काउंटर, बुकिंग काउंटर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, सुरक्षा और मार्गदर्शन जैसी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने मेला के दौरान चलने वाली अतिरिक्त ईएमयू लोकल ट्रेनों के समय और संचालन की भी जांच की और



डिवीजनल अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और स्टेशन पर उचित मार्गदर्शन सुनिश्चित किया जाए। डीआरएम ने स्टेशन परिसर में कचरा सफाई नियमित करने, सुरक्षा कर्मियों द्वारा सीसीटीवी निगरानी बनाए रखने और स्टेशन तक मार्ग दिखाने वाले साइन बोर्ड के माध्यम से यात्रियों को सही दिशा निर्देश देने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष आपातकालीन लाइटिंग और सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। सियालदह डिवीजन ने सियालदह, काकद्वीप और नामखाना स्टेशनों पर राउंड द क्लॉक बुकिंग काउंटर, एम-यूटीएस और एटीवीएम की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसके अतिरिक्त, सिविल डिफेंस, स्काउट एंड गाइड और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के स्वयंसेवक आरपीएफ और जीआरपी के साथ तैनात रहेंगे। काकद्वीप और नमखाना में विशेष चिकित्सा इकाइयां भी कार्यरत रहेंगी।

# मसौदा मतदाता सूची से 'एक करोड़ घुसपैठिए' संबंधी भाजपा के 'झूठ का पर्दाफाश' : अभिषेक बनर्जी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को कहा कि निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मसौदा मतदाता सूची ने भाजपा के इस झूठ का पर्दाफाश कर दिया है कि राज्य में एक करोड़ रोहिंग्या और बांग्लादेशी रहते हैं। अभिषेक ने भाजपा से राज्य को बदनाम करने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के लिए माफी की मांग की। अभिषेक ने कहा कि जिन लोगों ने दावा किया था कि बंगाल में एक करोड़ घुसपैठिए हैं, अब वे बेनकाब हो गए हैं। निर्वाचन आयोग ने खुद भाजपा के झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। उन्होंने अपनी बात के समर्थन में निर्वाचन आयोग के आंकड़ों का हवाला दिया जिसमें 'फर्जी' मतदाताओं की संख्या लगभग 1.83 लाख बताई गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें देश में राज्य को घुसपैठियों का अड्डा बताकर बार-बार बदनाम करने के लिए अब बंगाल की जनता से माफी मांगनी चाहिए। अभिषेक ने कहा कि भाजपा जिस तरह से सभी बंगालियों को बांग्लादेशी कहकर हमें बदनाम कर रही है, वह शर्मनाक है। यह अब बंद होना चाहिए और उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया अभी प्रारंभिक चरण में है। तृणमूल नेता ने कहा कि ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए अब भी लगभग 45 दिन बाकी हैं। अभिषेक ने घुसपैठ के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर वाकई बंगाल में घुसपैठ हो रही है, तो अमित शाह को इस पर जवाब देना चाहिए। सीमा की सुरक्षा केंद्र सरकार के अधीन है।



**'मनरेगा का नाम बदलकर भाजपा टैगोर-गांधी विरासत को मिटा रही'**

अभिषेक बनर्जी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के केंद्र के फैसले की आलोचना करते हुए इसे 'बंगाल विरोधी' कदम करार दिया और भाजपा पर राज्य की सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक विरासत को सुनियोजित तरीके से मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'महात्मा' शब्द को हटाना महात्मा गांधी और नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर का अपमान है।

**'सॉल्टलेक स्टेडियम में हुई घटना पर सरकार ने तुरंत कार्रवाई की'**

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान हुई तोड़फोड़ की घटना के बाद राज्य सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि मामले में पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी गई है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने दिल्ली से कोलकाता लौटने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। अभिषेक ने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने तुरंत कार्रवाई की है। प्रशासन की ओर से कुछ चूक हो सकती है लेकिन सरकार ने कार्रवाई की है और स्थिति को सुधारने के लिए कदम उठाए हैं। टीएमसी नेता ने कहा कि स्टेडियम में हुई घटना के एक घंटे के भीतर ही मुख्यमंत्री ने जनता से माफी मांग ली। उन्होंने जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना के संबंध में पुलिस अधिकारियों और मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ जैसी घटनाओं के बाद अन्य राज्य सरकारें जिम्मेदारी लेने में विफल रही हैं। टीएमसी नेता ने कहा कि यहां मुख्यमंत्री ने तुरंत माफी मांगी और सुधारात्मक कदम उठाए गए। इसके बावजूद सवाल उठ रहे हैं।

# तृणमूल पार्षद अनुपम दत्ता की हत्याकांड में तीन लोगों को उम्रकैद

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के पार्षद अनुपम दत्ता की हत्या के मामले में बैरकपुर की एक कोर्ट ने बुधवार को तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इससे पहले सोमवार को अदालत ने तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया था। बैरकपुर की तृतीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत के न्यायाधीश अयन कुमार बनर्जी ने सजा की मात्रा तय करते हुए अमित पंडित, संजीब पंडित और जियारुल मंडल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उल्लेखनीय है कि 13 मार्च 2022 को अपने ही घर के सामने गोली मारकर 8 न. वार्ड के पार्षद अनुपम दत्त की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद इलाके में ही छिपे अमित पंडित को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पूछताछ में उसके बयान के आधार पर संजीव पंडित उर्फ बापी और जियाउल मंडल के नाम सामने आए, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि अनुपम दत्त की हत्या के लिए बापी ने जियाउल को सुपारी दी थी और जियाउल ने आगे अमित पंडित को सुपारी दी। जांच के दौरान अमित और जियाउल के बीच हुई बातचीत के सबूत पुलिस ने जुटाए और अदालत में पेश किए। पुलिस के अनुसार, यह साजिश राजनीतिक हिंसा के कारण रची गई थी। जांचकर्ताओं ने जियाउल मंडल और अमित पंडित के बीच बातचीत के प्रमाण भी अदालत के सामने रखे। इस हत्या कांड से पूरे राज्य में सनसनी फैल गई थी। मामले में संजीव पंडित पहले जमानत पर बाहर था, लेकिन सोमवार को अदालत में पेश होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# मेस्सी इवेंट का शेड्यूल आखिरी समय में बदला गया : मनोज वर्मा

## पुलिस आयुक्त ने कोलकाता पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता- 2025 का किया शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने बुधवार को कहा कि अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी के सॉल्टलेक स्टेडियम में होने वाले इवेंट का शेड्यूल आखिरी समय में बदल दिया गया था और इस बदलाव के बाद पुलिस विभाग का आयोजक से कोई संपर्क नहीं हुआ। पुलिस आयुक्त के अनुसार, मेस्सी को शुरू में ताज बंगाल में रुकना था, जो कोलकाता पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। बाद में, इवेंट का शेड्यूल बदल दिया गया और मेस्सी सॉल्टलेक स्टेडियम के पास स्थित हयात में रुके, जो बिधाननगर पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस दिन, कोलकाता पुलिस की सालाना खेल प्रतियोगिता




के उद्घाटन के मौके पर मनोज वर्मा ने कहा कि सताद्रु दत्ता मेस्सी के ताज बंगाल में रुकने के बारे में बात करने आए थे। लेकिन, इवेंट दूसरी जगह शिफ्ट होने के बाद उनसे कोई और बात नहीं हुई।

# शुभेंदु अधिकारी ने मेस्सी के कार्यक्रम में हुए विवाद के लिए दो मंत्रियों की गिरफ्तारी की मांग की

## नेता प्रतिपक्ष पार्टी विधायकों के साथ स्टेडियम के दौरे के लिए पहुंचे, नहीं दिया गया घुसने

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के मंत्रियों अरूप बिस्वास और सुजीत बोस की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि 13 दिसंबर को साल्टलेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी वाले बहुप्रचारित फुटबॉल आयोजन के दौरान, जहां दर्शकों की व्यापक तोड़फोड़ देखने को मिली, इन दोनों मंत्रियों ने अनावश्यक रूप से सुर्खियां बटोरीं। दरअसल, इस दिन, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने लगभग 30 भाजपा विधायकों के साथ औचक दौरा कर वहां हुए नुकसान का जायजा लेने की कोशिश की, लेकिन प्रवेश द्वार बंद होने के कारण वह स्टेडियम में प्रवेश नहीं कर पाए। इसके बाद,



उन्होंने स्टेडियम के बगल में स्थित बिधाननगर पुलिस आयुक्त के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया और तोड़फोड़ व हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किए गए सभी छह दर्शकों की रिहाई की मांग की। अधिकारी ने कहा कि मेस्सी के कार्यक्रम के टिकटों की बिक्री में घोटाला हुआ जिसकी रकम करोड़ों में बताई जा रही है और तृणमूल कांग्रेस को उसके मंत्रियों, अरूप बिस्वास और सुजीत बोस के जरिए यह रकम मिली। स्टेडियम में मची अफरा-तफरी, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पश्चिम बंगाल को शर्मिंदा किया, इसलिए फैली क्योंकि ये मंत्री और उनके परिवार के सदस्य फुटबॉल सितारों के आसपास एकत्र होकर सेल्फी लेने में व्यस्त थे। मेरी मांग है कि इन दोनों मंत्रियों को गिरफ्तार किया जाए। विपक्ष के नेता ने यह भी मांग की कि कार्यक्रम के टिकटों का मूल्य उन दर्शकों को तुरंत वापस किया जाए, जो गैलरी में प्रवेश के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद अपने पसंदीदा फुटबॉल खिलाड़ी की एक झलक पाने से वंचित रह गए। अधिकारी ने दो अन्य अधिवक्ताओं के साथ मिलकर कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर इस घटना की शर्मनाक विफलता में न्यायिक हस्तक्षेप का आग्रह किया गया है और राज्य सरकार के अधिकारियों से मुक्त एक स्वतंत्र जांच समिति गठित करने की भी प्रार्थना की गई है ताकि अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी दोनों का पता लगाया जा सके। स्टेडियम के एक 'रैंप' तक पहुंचने में सफल रहे अधिकारी और उनके सहयोगियों ने परिसर के भीतर पड़े बिना बिके बोतलबंद पानी और पेय पदार्थों के ढेर की ओर इशारा किया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने प्रतिबंधित वस्तुओं को परिसर में लाने की अनुमति देने के बदले विक्रेताओं से 30 लाख रुपये कमीशन के रूप में लिए थे। बाद में, उन्होंने पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर 'चोर, चोर' के नारे भी लगाए। अधिकारी ने कहा कि इस सिलसिले में गिरफ्तार किए गए फुटबॉल प्रशंसकों को कानूनी सहायता दी जाएगी और भाजपा उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कराने के लिए अदालत का रुख भी करेगी।

# न्यू टाउन इलाके में आग लगी, 10 दमकल मौके पर पहुंची

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके में इको पार्क के नजदीक बनी झुग्गियों के एक समूह में आग लग गई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए 10 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं, जबकि चार और गाड़ियां रास्ते में थीं। इस आगजनी में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है, जो शाम करीब 7.15 बजे एक झुग्गी बस्ती में लगी और तेजी से आसपास के इलाकों में फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके को चारों ओर से घेर लिया गया था और वाहनों की आवाजाही को दूसरी दिशा में मोड़ दिया गया था क्योंकि स्थानीय निवासियों और अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए मिलकर काम किया।.

# आरजी कर मामला : अब हाई कोर्ट में होगी सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने केस किया ट्रांसफर

**✒ पीड़िता के परिजनों को रिपोर्ट देने का दिया आदेश**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से हुई बर्बरता मामले को कोलकाता हाई कोर्ट को सौंप दिया है। यह फैसला बुधवार को जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने लिया। अदालत ने आदेश दिया कि मामले से जुड़े सभी कागजात हाई कोर्ट को भेजे जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मामले की स्थिति पर बनी रिपोर्ट की एक कॉपी पीड़िता के माता-पिता को दी जाए। बता दें कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साल 2024 में खुद (सुओ मोटो) संज्ञान लिया था। जूनियर और सीनियर डॉक्टरों के एसोसिएशन की तरफ से वरिष्ठ वकील करुणा नंदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में आम सहमति बनाने की जरूरत को समझते हुए एक नेशनल टास्क फोर्स (एनटीएफ) बनाई थी। उन्होंने कहा कि मैं राज्य के डॉक्टरों की पैरवी कर रही हूं। एनटीएफ चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा और कल्याण से जुड़े मामलों को ठीक करने के लिए असरदार सुझाव देने के लिए बनाया गया था। इस मामले को निपटाने के लिए सिर्फ एक सुनवाई की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले को राज्य की संवैधानिक अदालत देख सकती है। पीठ ने कहा कि हम इस कार्रवाई को कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच को भेजना सही समझते हैं, साथ ही चीफ जस्टिस से अनुरोध करते हैं कि वे इस मामले को सही पीठ के सामने रखें। उल्लेखनीय है कि बीते साल 9 अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार रूम में पोस्टग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था।

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र इस साल नहीं होने की संभावना, चुनावी तैयारियों में उलझे राजनेता

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा का शीतकालीन सत्र इस वर्ष आयोजित होना मुश्किल नजर आ रहा है। समय की कमी, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के चलते विधानसभा का कामकाज प्रभावित हुआ है। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, शीतकालीन अवकाश की घोषणा निकट होने के कारण अब सत्र बुलाने के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा है। ऐसे में चुनाव से पहले अंतिम सत्र के लिए जरूरी व्यवस्थाएं करना संभव नहीं दिख रहा। स्थिति उस समय और जटिल हो गई जब चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद पहला संशोधित मसौदा मतदाता सूची जारी की। इसके बाद से राजनीतिक दलों



और विधायकों की पूरी ऊर्जा इसी प्रक्रिया में लगी हुई है, जिसका सीधा असर विधानसभा के कामकाज पर पड़ा है। विधानसभा सचिवालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि क्रिसमस अवकाश नजदीक होने के कारण दिसंबर महीने में शीतकालीन सत्र बुलाना व्यावहारिक रूप से असंभव हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार किया है। हालांकि, विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि सत्र तभी बुलाया जा सकता है, जब राज्य सरकार की ओर से कोई आधिकारिक कामकाज प्रस्तावित हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यदि सरकार की ओर से कोई कामकाज आता है, तो अध्यक्ष सत्र बुलाने के लिए बाध्य होते हैं, लेकिन अब तक सरकार की ओर से ऐसा कोई संदेश नहीं मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के कारण सभी दलों के विधायक फिलहाल काफी व्यस्त हैं। सूत्रों के अनुसार, कई विधायकों ने अनुरोध किया है कि इस समय सत्र न बुलाया जाए। खासकर, उत्तर बंगाल के विधायकों ने कहा है कि यदि सत्र बुलाया गया, तो उन्हें यात्रा में ही करीब तीन दिन लग जाएंगे, जिससे न तो वे सत्र में ठीक से शामिल हो पाएंगे और न ही मतदाता सूची से जुड़े काम कर सकेंगे।

# पीएम मोदी के दौरे से पहले भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार ने मंदिरों में की पूजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 दिसंबर को नदिया जिले के ताहेरपुर दौरे से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में, राणाघाट लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद जगन्नाथ सरकार ने शांतिपुर में स्थित गोविंदपुर कीर्तिका काली माता मंदिर और अगमेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। जगन्नाथ सरकार ने मंदिरों में प्रधानमंत्री मोदी के अच्छे स्वास्थ्य, नदिया जिले की जनता, पूरे राज्य और देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पूजा के बाद, उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की और कहा कि पीएम मोदी विकास के प्रतीक हैं। जब पीएम मोदी कहीं जाते हैं, तो वहां के लोगों के लिए जरूर कुछ बड़ा सोचते हैं। अब जब वे पश्चिम बंगाल आ रहे हैं, तो राज्य के लोगों के लिए भी कई लाभकारी योजनाओं की घोषणा कर सकते हैं। पीएम मोदी जो कहते हैं, वही करते हैं। इसलिए हम यहां आए हैं कि वे स्वस्थ रहें और बंगाल की जनता को नई योजनाओं का लाभ मिले। क्योंकि मोदी है, तो मुमकिन है।

# मोहन भागवत 18 और 19 दिसंबर को सिलीगुड़ी में शताब्दी कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन राव भागवत 18 और 19 दिसंबर को सिलीगुड़ी में आयोजित दो कार्यक्रमों में भाग लेंगे। ये कार्यक्रम संघ की शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उत्तर बंग प्रांत के प्रचार प्रमुख समीर कुमार घोष ने कहा कि संघ ने सेवा, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ अपने 100 वर्ष पूर्ण किए हैं। 18 दिसंबर को सेवक रोड स्थित शताब्दी सदन में युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद, 19 दिसंबर को सेवक रोड स्थित उत्तर बंग मारवाड़ी भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक 100 वर्षों की यात्रा विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित होगा। मोहन भागवत दोनों कार्यक्रमों में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। परिचर्चा कार्यक्रम के दौरान उत्तर बंगाल के आठ जिलों और सिक्किम से आए बुद्धिजीवियों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया जाएगा।

# मतदाता सूची में माकपा नेता सलीम और उनके बेटे के उपनाम में 'अवस्थी' जुड़ा, छिड़ा विवाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम के बेटे आतिश अजीज ने चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची के मसौदे में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। आतिश अजीज ने दावा किया कि उनके और उनके पिता दोनों के नाम में हिंदू उपनाम 'अवस्थी' जोड़ दिया गया है। अजीज ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह 'कोलकाता पोर्ट' विधानसभा क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता हैं और उनका नाम आतिश अजीज है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का अवलोकन करते समय उन्होंने पाया कि उनके नाम के आगे 'अवस्थी' उपनाम जुड़ा है और यही गलत उपनाम उनके पिता के नाम के आगे भी लिखा हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता दशकों से राजनेता हैं। अगर उनके मामले में ऐसी गलती हो सकती है तो कल्पना कीजिए कि दूसरों के साथ क्या हुआ होगा। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर इस तरह की बुनियादी गलतियां हैं तो करोड़ों रुपये खर्च करके किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से क्या हासिल हुआ। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए लिखा कि एक ओर जहां मीडिया के कुछ वर्ग और भाजपा इस बात की खुशी मना रहे थे कि एसआईआर प्रक्रिया का इस्तेमाल मुसलमानों पर शिकंजा कसने में किया जाएगा ,वहीं दूसरी ओर चुनाव आयोग ने अवस्थी उपनाम जोड़कर मेरे पिता मोहम्मद सलीम और मुझे, दोनों को ब्राह्मण बना दिया। अजीज ने मतदाता सूची के मसौदे की तस्वीरें भी साझा की, जिनमें उनके और उनके पिता के नामों के अंत में 'अवस्थी' जुड़ा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में माकपा के बूथ-स्तरीय एजेंट को सूचित कर दिया गया है और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से इस मुद्दे पर बात की जा रही है।

# आपातकाल में लोगों को सुरक्षित बचाने के लिए एनडीआरएफ ने किया मॉकड्रिल



**हुगली, समाज्ञा :** एनडीआरएफ की सेकेंड बटालियन की टीम बुधवार की सुबह रिसड़ा स्थित हिंदुस्तान नेशनल ग्लास (एचएनजी) कारखाने में पहुंची। इस दौरान टीम ने प्राकृतिक आपदा अथवा मानव निर्मित आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर कारखाने के स्टाफ और कर्मचारियों को मॉकड्रिल के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी। एनडीआरएफ टीम ने आपदा के दौरान सतर्कता, सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए उन्हें तैयार करना था। यह कार्यक्रम प्लांट के एचआर सुप्रिय घोष की देखरेख में आयोजित हुआ।

# रिसड़ा में ईडी ने की छापेमारी

**हुगली, समाज्ञा :** बुधवार सुबह रिसड़ा में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ईडी के अधिकारी केंद्रीय बल के जवानों के साथ लक्ष्मीपल्ली इलाके में पहुंचे। बुधवार की सुबह से रिसड़ा नगरपालिका के 22 नंबर वार्ड अंतर्गत 17 नंबर लक्ष्मीपल्ली थर्ड लेन स्थित एक मकान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तलाशी अभियान शुरू किया।



सूत्रों के अनुसार, इस घर के मालिक का नाम कैलाश कुमार वर्मा है। वे कोलकाता की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं और अकाउंट्स विभाग से जुड़े हुए हैं। बुधवार सुबह तीन गाड़ियों में सवार होकर ईडी के पांच अधिकारी और उनके साथ छह सीआईएसएफ जवान सुरक्षा के लिए उक्त मकान में प्रवेश करते हैं। कैलाश कुमार वर्मा के दो बेटे हैं, जो बाहर नौकरी करते हैं। परिवार के एक रिश्तेदार अशोक कुमार सोनी ने बताया कि कैलाश पिछले 15-20 वर्षों से कोलकाता की एक कंपनी में काम कर रहे हैं। उनके दोनों बेटे बेंगलुरु में रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह नहीं बताया गया है कि तलाशी किस मामले में की जा रही है, सिर्फ इतना कहा गया है कि ईडी की कार्रवाई चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी हवाला के जरिए अवैध लेन-देन से जुड़े आरोपों की जांच के सिलसिले में की जा रही है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परिवार ज्यादा किसी से मेल-जोल नहीं रखता, इसलिए उनके बारे में वे ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते।

# रद्द ओबीसी प्रमाण पत्र को एसआईआर से हटाने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने रद्द किए गए ओबीसी प्रमाण पत्र को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से हटाने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने बुधवार को याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। इस मामले की सुनवाई इसी सप्ताह होने की संभावना है। वादी की ओर से पेश हुए वकील अरिजीत बख्शी ने कहा कि पिछले साल 22 मई को हाई कोर्ट ने 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए थे। न्यायालय ने कहा था कि भविष्य में इन प्रमाणपत्रों का कहीं भी उपयोग नहीं किया जा सकता। इसलिए, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर दस्तावेजों में भी इनका उपयोग न हो।

# अलीपुर चिड़ियाघर में एक और बाघिन की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** अलीपुर जूलॉजिकल गार्डन में तीन महीने के अंदर तीसरी बाघिन की मौत हो गई, जिससे इस सुविधा में जानवरों को दी जाने वाली मेडिकल देखभाल पर सवाल उठ रहे हैं। चिड़ियाघर के सूत्रों के अनुसार, सब-एडल्ट रॉयल बंगाल बाघिन हीमोप्रोटोजोअन पैरासाइट से होने वाले इन्फेक्शन से पीड़ित थी और उसे शहर के एक एनिमल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। वह फरवरी में तीन साल की हो जाती। बाघिन का जन्म ओडिशा के नंदनकानन में हुआ था और उसे अगस्त 2023 में अलीपुर चिड़ियाघर लाया गया था। सूत्रों ने बताया कि विसरा टेस्ट से मौत के सही कारण का पता चलेगा। उल्लेखनीय है कि चिड़ियाघर में पिछली दो बाघिनों की मौत 23-24 सितंबर को 24 घंटे के अंदर हुई थी। एक 21 साल की सफेद बाघिन थी जिसका जन्म अलीपुर चिड़ियाघर में हुआ था, जबकि दूसरी - 17 साल की - को 2016 में ओडिशा के नंदनकानन चिड़ियाघर से लाया गया था। कथित तौर पर, दोनों उम्र से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थीं और पशु चिकित्सकों की देखरेख में थीं।

# जनसेवा भक्त मंडल (बांधाघाट) ने धूमधाम से मनाया 49वां वार्षिकोत्सव

**❑ सैकड़ों महिलाओं ने किया मंगल पाठ सीए विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

**हावड़ा, समाज्ञा :** 'जनसेवा भक्त मण्डल (बांधाघाट)' ने अपना 49वां वार्षिकोत्सव स्थानीय कृष्ण भवन में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर झुंझुनुवाली श्री राणीसती दादी जी के मनोहारी श्रृंगार के समक्ष विशिष्ट उद्योगपति व समाजसेवी प्रदीप कुमार संदीप (सोनू) गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया, जबकि प्रधान अतिथि विशिष्ट समाजसेवी सुभाष अग्रवाल ने अपनी धर्मपत्नी के साथ ज्योत प्रज्वलन किया। विशिष्ट अतिथि संजय बुधिया ने भी मातेश्वरी को श्रद्धा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के वरिष्ठ सदस्य बाबूलाल गुप्ता को विशिष्ट सेवा सम्मान और अंचल के सीए में सफल विद्यार्थियों तरंग कानोड़िया, प्राची भुवालका और ईशा शर्मा को



प्रशस्ति पत्र व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मण्डल के प्रचार प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने भावपूर्ण संचालन करते हुए मण्डल के विविध सेवाकार्यों से अवगत कराया। तत्पश्चात, डोली अग्रवाल की अगुवाई में सैकड़ों महिलाओं ने दादीजी का सामूहिक मंगलपाठ कर पूरे वातावरण को दादीमय कर दिया। मण्डल के अध्यक्ष मनोज कुमार गोयल, संयोजक सजन कुमार तायल और सचिव राजेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन की सफलता में हेमन्त कुमार बर्मन, बाबू लाल गुप्ता, किशन चोमाल, राजकुमार शर्मा, विकास शर्मा, विशाल छकड़ा, गोविन्द टिब्रेवाल, राधेश्याम अग्रवाल, राकेश खतेरीवाल, सज्जन तायल, प्रदीप केडिया, काली चरण शर्मा, सज्जन थर्ड, संजय शर्मा, प्रीतम शर्मा, अरुण केडिया, विकास अग्रवाल सक्रिय सहयोग रहा।

# फिर एक बार जीवित मतदाता को मृत घोषित करने का आरोप, चुनाव आयोग पर सवाल

**हुगली, समाज्ञा :** चुनाव आयोग की ओर से जारी खसड़ा मतदाता सूची को लेकर एक बार फिर गंभीर आरोप सामने आए हैं। जीवित व्यक्ति को मृत बताकर नाम दर्ज किए जाने की घटना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मंगलवार को एसआईआर सूची जारी होने के बाद डानकुनी के तृणमूल कांग्रेस के पार्षद सूर्य दे का नाम मृत मतदाताओं की सूची में पाए जाने से हड़कंप मच गया था। विरोध स्वरूप 18 नंबर वार्ड के उक्त जीवित पार्षद श्मशान घाट में जाकर धरने पर बैठ गए थे। इसी कड़ी में, बुधवार को चुंचुड़ा विधानसभा क्षेत्र के नलडांगा इलाके के 120 नंबर बूथ से एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के निवासी बुजुर्ग दंपति स्नेहमय भट्टाचार्य और शिखा भट्टाचार्य के बड़े बेटे देवमय भट्टाचार्य को खसड़ा सूची में मृत घोषित कर दिया गया है। देवमय पिछले चार वर्षों से रोजगार के सिलसिले में जमशेदपुर में रह रहे हैं, जहां वह अपनी पत्नी मोनिका के साथ रहते हैं। जमशेदपुर की मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज है। इसी कारण राज्य में एसआईआर शुरू होते ही देवमय के पिता ने बीएलओ को सभी जरूरी दस्तावेज सौंपे थे और जमशेदपुर का वोटर कार्ड भी दिखाया था। देवमय ने स्वयं भी फोन पर बीएलओ से बात की थी। इसके बावजूद खसड़ा सूची प्रकाशित होते ही देवमय के नाम के सामने मृत लिखा पाया गया। इस पर जब माता-पिता ने बीएलओ मलय दत्त को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने फोन पर बताया कि उनके पास उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार देवमय और मोनिका के नाम अन्य स्थान पर पहले से ही सूचीबद्ध हैं। ऐसे में मृत सूची में नाम कैसे चला गया, यह उनकी समझ से बाहर है और कहीं न कहीं तकनीकी या मानवीय त्रुटि हुई है। हालांकि, जहां मोनिका का नाम सही तरीके से सूचीबद्ध दिखाया जा रहा है, वहीं देवमय के नाम के सामने 'मृत' दर्ज होना बुजुर्ग माता-पिता के लिए गहरा मानसिक आघात है। दंपति का कहना है कि उनका बेटा जीवित है और उसे मृत घोषित किया जाना अस्वीकार्य है। इस गलती को करने वालों को ही इसे सुधारना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में वे दफ्तरों के चक्कर लगाने में सक्षम नहीं हैं। देवमय, जो एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत हैं और फिलहाल क़तर में हैं, उन्होंने फोन पर कहा कि जीवित व्यक्ति को मृत घोषित किया जाना सरासर मानसिक उत्पीड़न है। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी जमशेदपुर में रहते हैं, इसलिए नलडांगा से नाम कटवाने के लिए विधिवत आवेदन किया था और स्वयं बीएलओ से बातचीत भी की थी। इसके बावजूद इस तरह की गलती बेहद परेशान करने वाली है।

# बांकड़ा में तृणमूल पंचायत सदस्य के पति पर हमला, तीन घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के बांकड़ा की तीन नंबर पंचायत कार्यालय में मंगलवार की दोपहर तृणमूल कांग्रेस की पंचायत सदस्य के पति पर हमले का आरोप लगा। घटना में तीन लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान आरमान खान के रूप में हुई है, जिन्हें हावड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य दो घायल -रंजन पाल और रोजिना खातून को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार, पंचायत की बैठक में अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात चल रही थी। आरोप है कि जैसे ही अविश्वास प्रस्ताव की बात हुई, पंचायत सदस्य जाकिर हुसैन मंडल ने दो अन्य सदस्यों पर हमला कर दिया। बैठक में मौजूद सदस्य रंजन पाल और रोजिना खातून इस हमले में घायल हो गए। आरोप है कि पंचायत सदस्य शबनम बेगम के पति आरमान खान जब पंचायत कार्यालय की ओर आ रहे थे, तो इस घटना के दौरान उन्हें रास्ते में रोककर बुरी तरह पीटा गया।

# एक कप चाय से कहें दस बीमारियों को बाय

नीतू निगम



**क्या** आपको भी लगता है कि चाय न पीने से आप बहुत सी बीमारियों से बचे रह सकते हैं तो चाय पर किए गए ये अलग अलग शोध एक बार आपको सोचने पर मजबूर कर देंगे कि क्या आपका सोचना सही है। ये सभी शोध बताते हैं कि अगर नित्य 3-4 कप चाय का सेवन किया जाए तो सेहत को कोई भी नुकसान नहीं होता। आइए जानते हैं वे 10 फायदे जो चाय पीने से मिलते हैं।

### महिलाए कैंसर को कहें न

हाल ही में किए गए एक शोध में सामने आया है कि जो महिलाएं नित्य 2-3 कप चाय का सेवन करती है, उन्हें ओवेरियन कैंसर होने का खतरा उन महिलाओं से बहुत कम होता है जो चाय का सेवन नहीं करती। शोधकर्ताओं का कहना है कि नित्य 3-4 कप चाय पीने से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता है।

### चाय में होता है कॉफी से कम कैफीन:-

अगर आप कॉफी को चाय से बेहतर समझ कर एक से दो कप नित्य पी रहे हैं तो सावधान हो जाइए क्योंकि कॉफी चाय से कहीं ज्यादा आपके दिल के लिए खतरनाक है। कॉफी में 135 मि.ग्रा. कैफीन होता है जबकि चाय में केवल इसका 30-40 प्रतिशत मि.ग्रा. ही होता है जो सेहत के लिए उतनी नुक्सानदेह नहीं है जितनी काफी।

### दिल के रोगी के लिए चाय वरदान है:-

करीब 4-5 साल दिल के रोगियों पर रिसर्च की गई और पाया गया कि जो दिल के रोगी 2 -3 कप चाय का सेवन नित्य करते हैं, उनके शरीर में रक्त का रूकना और कोलेस्ट्रोल के बढ़ने जैसी समस्या उन लोगों से कम होती है जो लोग बिलकुल भी चाय नहीं पीते।

### हड्डियों को भी करती है मजबूत

कुछ चाय पीने वाले लोगों पर 10 साल तक रिसर्च की गई और उसमें पाया गया कि जो लोग दूध वाली चाय पीते हैं उनकी हड्डियां उन लोगों से ज्यादा मजबूत होती हैं जो लोग चाय नहीं पीते।

### मुस्कान में भी लगाती है चार चांद

चाय में फ्लोराइड और टेनिन नाम का पदार्थ होते हैं। अगर चाय में चीनी न डाली जाए तो ये दोनों ही दांतों के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। इनकी मदद से न सिर्फ दांत मजबूत होते हैं बल्कि चमकदार भी हो जाते हैं।

### चाय पीने से इम्यून सिस्टम भी होता है बेहतर

जो लोग नित्य 4-5 कप चाय पीते हैं, उन्हें पेट से जुड़ी बीमारियां होने का खतरा कम होता है और साथ ही उनका इम्यून सिस्टम भी बेहतर होता है।

### मेटाबोलिज़्म को बेहतर बनाती है

अगर आप मोटे हैं और तरह तरह के उपाय कर के थक गए हैं तो अब ज़रा एक बार रोज 2-3 कप चाय पीने के आदत डाल लीजिए। कुछ ही समय में आपको बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। सिर्फ ग्रीन टी ही नहीं बल्कि यदि आप खाने के बाद साधारण चाय का सेवन भी करते हैं तो उससे भी आपके शरीर का मेटाबोलिज्म सिस्टम बेहतर हो जाता है।

### हाइड्रेटेड रहने में भी करती है मदद

चाय में शामिल कैफीन सेहत के लिए तब तक खतरनाक नहीं होती है जब तक आप चाय का सेवन बहुत अधिक मात्रा में नहीं करते। शोधकर्ताओं का मानना है कि नित्य 3 कप चाय पीने से शरीर में पानी की मात्रा बनी रहती है जिससे सुस्ती नहीं आती है और आप पूरा दिन एनर्जेटिक बने रहते हैं।

### कैलोरी नहीं होती:-

ज्यादा कैलोरी हमारे सेहत के लिए हानिकारक होती है और आपको यह जानकर खुशी होगी की चाय में बिलकुल भी कैलोरी नहीं होती है, जब तक उसमें चीनी न डाली जाए। तो डाइटिंग करने वाले लोगों को भी चाय से डरने की जरूरत नहीं है।


### चाय बढ़ाती है रोगप्रतिरोधक क्षमता:-

चाय में एंटीऑक्सीडेंट तत्व होते हैं। ये वे तत्व हैं जो हमारे शरीर को प्रदूषित हवा में जाने पर विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाते हैं।

यह सच है कि चाय के अनेक फायदे हैं लेकिन अगर कुछ छोटी छोटी बातों का ख्याल न रखा जाए तो इसके बहुत से नुकसान भी हो सकते हैं। इसलिए चाय का सेवन कुछ जरूरी बातों का ख्याल रखते हुए करें।

✗ चाय में चीनी का प्रयोग न के बराबर करें।
✗ एक दिन में 3 कप से ज्यादा चाय का सेवन न करें ।
✗ छोटे बच्चों को चाय न दें।
✗ अधिक गर्म चाय का सेवन न करें।
✗ चाय के नशे के आदी न बनें।
✗ नित्य चाय का सेवन न करें । (स्वा. द.)

# सर्दी में रोगों से बचाव



भाषणा बांसल

**स**र्दी की ऋतु को स्वास्थ्यवर्धक माना गया है क्योंकि इस मौसम में पाचन क्षमता बढ़ जाती है। गरिष्ठ व मसालेदार भोजन भी आसानी से पच जाता है। शारीरिक बल भी बढ़ जाता है। चिकित्सक भी इस ऋतु में पौष्टिक व गरिष्ठ आहार लेने की सलाह देते हैं मगर कई लोग अपनी सेहत बनाने के चक्कर में ऐसा आहार लेते हैं जिससे उनकी सेहत चौपट हो जाती है।

इन दिनों में पेय पदार्थों जैसे चाय, काफी का अधिक प्रयोग स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा नहीं माना जाता। इनको अधिक मात्रा में लेने से मन व दिमाग पर गलत प्रभाव पड़ता है। जो लोग धूम्रपान करते हैं, उनके विचार में धूम्रपान करने से ठंड नहीं लगती, इसी कारण वे सर्दी में अधिक धूम्रपान करते हैं जिससे धुआं फेफड़ों व सांस की नली को क्षति पहुंचाता है व खांसी का रोग उस व्यक्ति को बुरी तरह जकड़ लेता है। सर्दी में धूम्रपान बहुत हानिकारक है।

■ सर्दी में अधिकांश व्यक्तियों को जुकाम से परेशान होते देखा जाता है। यह बीमारी आमतौर पर गलत रहन-सहन व गलत खानपान से होती है। प्रस्तुत है सर्दी में रोगों से बचने हेतु कुछ विशेष सुझाव।

■ सर्दी में गुनगुने पानी से रोज़ाना स्नान करना अत्यंत आवश्यक है। ठंड लगने के कारण स्नान करना न छोड़ें।
■ मैले वस्त्रा न पहनें। अंदरूनी वस्त्रों को प्रतिदिन बदलें।
■ नंगे पैर कदापि न चलें। पैरों को जुराबों से ढक कर ही रखें।
■ चाय, काफी का अधिक सेवन न करें।
■ ठंड के प्रकोप से बचने के लिए ऊनी व गर्म कपड़े पहनें।
■ रात को सोते समय कम से कम कपड़े पहनें।
■ खांसी-जुकाम होने पर तुरंत उपचार कराएं क्योंकि ये रोग पुराने हो जाएं तो गंभीर समस्या पैदा हो सकती है।
■ रात को गरम दूध के साथ खजूर खाना अत्यंत लाभदायक है।
■ भोजन में अदरक का प्रयोग भी लाभदायक है। (स्वा. द.)

# सर्दी जुकाम से बचाकर रखें स्वयं को

सुनीता गाबा

**हा**थों को दिन में कई बार धोएं ताकि हाथों से पहुंचने वाला वायरस साथ-साथ नष्ट होता रहे क्योंकि हम दिन भर कितनी ऐसी वस्तुओं को छूते हैं जो अन्य कई लोगों द्वारा छुई जाती है।



◆ अपने चेहरे को बार-बार न छुएं विशेषकर तब जब आपके साथ कोई जुकाम का रोगी हो।
◆ सिगरेट पीने से हमारी सांस की नालियों में खराश बढ़ जाती है। इससे जुकाम जल्दी-जल्दी हो सकता है, अतः सिगरेट न पिएं।
◆ घर में कॉमन प्रयोग में आने वाली चीजों को साबुन के पानी से साफ करते रहें जैसे दरवाजे की नॉब, मेज की ऊपरी सतह, वाशबेसिन, टेलीफोन, स्विच बोर्ड, रिमोट कंट्रोल इन चीजों को गीले कपड़े से साफ करते रहें ताकि घर के किसी रोगी का संक्रमण आप तक आसानी से न पहुंच पाए।
◆ घर के प्रत्येक सदस्य का तौलिया
◆ हैंड टॉवल अगर कॉमन प्रयोग में लाते हैं और घर के किसी सदस्य को यदि जुकाम है तो उसे पेपर टॉवल हाथ और मुंह साफ करने के लिए दें क्योंकि कपड़े के तौलिए में जर्म्स अधिक देर तक रहते हैं।
◆ नाक साफ करने हेतु जो भी टिशू सर्दी जुकाम के लिए प्रयोग में लाए, उन टिशूज को डस्टबिन में फेंकें, इधर उधर नहीं। इससे वायरस अन्य लोगों तक आसानी से पहुंच सकता है।
◆ हैल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। पौष्टिक आहार का सेवन करें और प्राणायाम और हल्के व्यायाम करते रहें ताकि शरीर में रोगी प्रतिरोधक शक्ति बनी रहे।
◆ तनाव और चिंता को नियंत्राण में रखें क्योंकि यही तनाव और चिंता शरीर को कमजोर बना देती है और शरीर जल्दी इंफेक्शन ले लेता है।
◆ गरम तरल पदार्थ का सेवन करें जैसे सब्जियों का सूप, हर्बल टी, घरेलू मसालों का काढ़ा दिन में बदल-बदल कर ले सकते हैं।
◆ घर में किसी भी सदस्य को अगर सर्दी जुकाम हो गया है तो उसे आराम का अवसर दें और गर्म वस्त्र पहनने को दें। (स्वा. द.)

# सब्जियों में भी छिपे हैं औषधीय गुण

आनंद कुमार अनंत

**ह**मारे आसपास अनेक ऐसे पेड़-पौधे होते हैं जिनका औषधीय महत्त्व बहुत अधिक है। अंग्रेजी दवाइयां जहां शरीर के किसी-न-किसी अंग पर दुष्प्रभाव डालती हैं, वहीं प्राकृतिक रूप से प्राप्त पत्ते, फल, जड़ी-बूटियां रोगों का समूल नाश करने के साथ-साथ स्वास्थ्य पर उत्तम असर डालती हैं। दूसरे इनमें से अधिकांश चीजें तो हमारे घर में या रसोई में ही मौजूद होती हैं। यहां स्वास्थ्य के लिए गुणकारी और औषधीय गुणों से भरपूर वनस्पतियों की चर्चा प्रस्तुत की जा रही है।

**मेथी:-** मेथी के पौधे को सब्जी के रूप में खाया जाता है। खांसी, दमा एवं संधिवात के उपचार में इसका इस्तेमाल दवा के रूप में होता है। पेशाब की गड़बड़ी, कब्ज और कटिवात में भी यह लाभदायक है। मेथी के पत्तों की पुलटिस बाहरी व भीतरी सूजन में लाभकारी होती है।

**पुदीना:-** इसके रस को प्याज के साथ मिलाकर प्रयोग करने से उल्टी की शिकायत नहीं रहती। इसके अलावा, इससे व्यावसायिक स्तर पर पिपरमिंट बनाया जाता है जो अनेक औद्योगिक उत्पाद तथा औषधियां बनाने के काम आता है।

**मिर्च:-** मिर्च का पाउडर कुत्ते की काटी जगह पर लगाने से जहर बेअसर हो जाता है। इससे शरीर सुन्न हो जाने की स्थिति में तथा हैजे में भी राहत मिलती है।

**करेला:-** करेला भले ही कड़वा होता है परंतु इसके गुणों से कोई इंकार नहीं कर सकता। इसकी जड़, पत्तियां व फल सभी उपयोगी हैं। करेले की जड़ दुखती आंख के लिए गुणकारी है। इसकी पत्तियां फुंसियों और घाव के लिए मलहम का काम करती हैं। फल व पत्तियां कीटनाशक हैं। कुष्ठ रोग, बवासीर तथा पेट के कीड़े निकालने की औषधि के रूप में भी इनका प्रयोग होता है। इसके अलावा इसे गठिया व मधुमेह रोगों में भी सेवन किया जाता है।

**लसोढ़ा:-** इस फल का भारत के कुछ क्षेत्रों में अचार बनाया जाता है। गले के रोगों में इसका सेवन लाभकारी होता है, खासकर जब बलगम श्वासनली में जम गया हो तब। कब्ज दूर करने और कामोत्तेजना बढ़ाने के लिए भी इसका प्रयोग होता है।

**मूली:-** इसे सलाद के रूप में खाया जाता है। नमक के साथ कच्चा खाने से पाचन क्रिया दुरूस्त होती है। यह मूत्रावर्धक होती है। गुर्दों में पथरी होने और प्लीहा के बढ़ जाने पर यह लाभदायक होती है।

**लहसुन:-** इसका चूर्ण पाचक, पेट के विकारों में लाभदायक व पाचन विकृतियों के उपचार में उपयोगी होता है। मिरगी उदर-विकारों और सिरदर्द की स्थिति में इसे नमक के साथ खिलाया जाता है। गले की खराश, दमा, सामान्य पक्षाघात आदि में भी लहसुन उपयोगी होता है। दाद पर इसको मलने से आराम मिलता है।



**धनियां-** सब्जियों के स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ धनिये का प्रयोग औषधीय रूप में भी किया जाता है। इसकी तासीर शीतल मानी जाती है। यह अपच, उदर-विकारों और अम्लपित्त की गड़बड़ी की दशा में लाभदायक होता है। इसके भुने बीज मंदाग्नि में लाभ पहुंचाते हैं। त्वचा के अधिक लाल हो जाने पर धनिये का रस लगाया जाता है। यह भूख बढ़ाने वाला तथा कामोत्तेजक होता है। पिसे धनिये का लेप माथे पर करने से सिरदर्द में राहत मिलती है। (स्वा. द.)

# स्वस्थ जीवन का आधार है सेक्स

एम. कृष्णा राव 'राज'


**ती**सरी और चौथी शताब्दियों में लिखा गया कामसूत्रा आज भी रति सुख के लिए सब से ज्यादा उपयोगी ग्रंथ है। खजुराहो के मंदिरों में प्रदर्शित उत्तेजक तथा कामसूत्रा के दृश्य प्राचीन भारतीय यौन संस्कृति की सही जानकारी देते हैं।

कामसूत्र पुस्तक में वर्णित 1250 सूत्रों को 7 भागों में बांटा गया है जैसे आप के अधिकार, आप के कर्तव्य, प्रेमिका के साथ व्यवहार, कूटनीति, दूसरे की पत्नी के साथ व्यवहार, अपनी पत्नी के साथ व्यवहार और विशिष्ट अभ्यास आदि।

कामसूत्रा लेखक की पूरी तरह मौलिक कृति नहीं है। लेखक ने नंदी, श्वेतकेतु आदि की कृतियों को अपने लेखन का आधार बनाया है। इसे पढ़ने पर यह भी स्पष्ट हो जाता है कि इसकी रचना केवल हिन्दू धर्मावलंबियों को ध्यान में रखकर की गई है।

हमारी यौन संबंधी अनेक कल्पनाएं केवल सीने में दफन हो जाती हैं जबकि वात्स्यायन ने संभावित दृष्टिकोण शामिल करने की कोशिश की है। कुछ चीजें इस में भी असंभव लगती हैं, फिर भी यह हमें सच्चा प्यार पाने के अनेक विकल्प प्रस्तुत करती है क्योंकि प्रेम में सब कुछ संभव हो सकता है।

कामसूत्र मात्र 'काम' केंद्रित नहीं है। उसमें हिन्दुओं के चारों पुरूषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के बारे में प्रकाश डाला गया है। लेखक ने भी धर्म को सर्वश्रेष्ठ माना है। उस



के बाद 'काम' अर्थात रतिसुख के बारे में विस्तार से चर्चा की है।

वात्स्यायन ने परंपरागत धारणाओं का न तो पूरी तरह अनुसरण किया है और न ही उन्हें पूरी तरह बिसारा है। उसने बीच का रास्ता अपनाते हुए कहा है 'सेक्स एक कुदरती जरूरत है। शरीर की स्फूर्ति के लिए सेक्स और खाना दोनों ही जरूरी है।' धर्म की पुस्तकों ने सेक्स को पाप माना है तथ सद्गुणों को प्रमुखता दी है।

संस्कृत के कुछ कवियों और लेखकों ने सेक्स को केवल गृहस्थ जीवन में भोगने की छूट दी जबकि वात्स्यायन ने कुछ अपवादों को छोड़कर वैवाहिक जीवन के इतर भी यौन संबंधों की छूट दी है। छूट ही नहीं, यह भी बताया है कि वैवाहिक से इतर यौन संबंध किस तरह स्थापित किए जा सकते हैं तथा कौन कौन सी स्त्रियां इसमें सहभागी हो सकती हैं, उनकी पहचान भी बताई है।

वात्स्यायन ने यह भी बताया है कि शादी से पहले यौन संबंध रखने वाली युवतियां अपने पति को कैसे मूर्ख बना सकती हैं। उसने स्त्री पुरूष दोनों को व्यवहार कुशलता के सूत्र भी बताएं हैं तथा गणिकाओं को भी उनके पेशे के बारे में विस्तार से समझाया है और अंत में यहां तक कह दिया है कि अपने पति को अपने तक सीमित रखने के लिए बिस्तर पर पत्नी को वेश्या जैसा व्यवहार करना चाहिए।

कामसूत्र की रचना उस समय हुई जब भारतीय समाज धर्म की घुट्टी पी-पीकर सेक्स के प्रति उदासीन होने लगा था। इसमें बौद्ध धर्म ने भी अपनी प्रमुख भूमिका निभाई थी जबकि उससे पहले महाभारत काल में सेक्स पर कोई विशेष वर्जना नहीं थी। तब जिस का भी जिस के साथ मन करता था, वह उस से सेक्स का अनुरोध कर सकता था और दोनों की रजामंदी होने पर यौन क्रिया संपन्न की जा सकती थी।

यही वजह थी कि उस काल में बलात्कार की घटनाएं न के बराबर होती थी। उस काल में नियोग प्रथा भी थी जिसके अंतर्गत जिन महिलाओं के पति बच्चे पैदा करने में असमर्थ होते थे, वे योग्य परपुरूष से संतान उत्पन्न कर सकती थी। धृतराष्ट्र, पांडु, विदुर और बाद में पांचों पांडव इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

यौन जीवन में आई एकरसता को दूर करने के सूत्र व विधियां कामसूत्र में बताई गई हैं। इन्हें खजुराहो व कोणार्क के मंदिरों में चित्रों व शिल्पकला द्वारा दर्शाया गया है। वे कलाकृतियां 10वीं 11 वीं शताब्दी में बनाई गई जो भारत की अद्भुत कलाओं में से एक हैं।

ये मंदिर केवल पूजा के लिए ही नहीं थे बल्कि संगीत और नृत्य तथा सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों के भी प्रमुख केंद्र थे। यहां पर सभी विषयों पर सत्संग होते थे जिनमें ज्ञान विज्ञान, धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक व यौन विज्ञान जैसे विषय शामिल थे।

खजुराहो के मंदिर यौन विज्ञान की खुली किताब हैं जिनमें महिला को महिला से यौन तृप्ति, सामूहिक यौन तृप्ति, जानवरों के साथ यौन तृप्ति तथा पुरूष को पुरूष से यौन तृप्ति करते हुए भित्तिचित्रों व शिल्पकला के जरिये मूर्तियों में दिखाया गया है. इनमें कुछ चित्र स्वरति के भी हैं जिनमें व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार यौन तृप्ति करते दिखाया गया है।

इसी से सिद्ध होता है कि सेक्स एक कुदरती जरूरत है। इसके बिना जिया तो जा सकता है लेकिन स्वस्थ जीवन नहीं। जैसे किसी भी पेड़ पौधे में अगर समुचित खाद पानी नहीं डलता तो वह तैयार तो होता है लेकिन अच्छे फल और बीज उत्पन्न करने में असमर्थ रहता है, उसी तरह सेक्स से वंचित व्यक्ति कभी भी स्वस्थ समाज की रचना नहीं कर सकता।

इसलिए हमें सेक्स से भागना नहीं चाहिए। आजकल जो यौन अपराधों की बाढ़ आई हुई है, वह बेहतर यौन शिक्षा के अभाव का नतीजा है।

हम सेक्स का नाम सुनकर भाग खड़े होते हैं। अगर हम इस से निबटने के बारे में विचार विमर्श करें तो यह निश्चित है कि विजय हमें अवश्य मिलेगी लेकिन इसे यौन शिक्षा द्वारा ही मिटाया जा सकता है जिसके नाम पर आज भी अधिकतर बुद्धिजीवी भौं सिकोड़ते हैं।

सब से बड़ी विडंबना यह है कि भारत में एक तो यौन शिक्षा पर आधारित पत्रिकाएं प्रकाशित ही नहीं होती, खास कर हिन्दी में, और जो होती भी है उन्हें समाज का उचित समर्थन नहीं मिला।

दिल्ली प्रेस जैसे प्रकाशन संस्थान शुरू से ही व्यक्तित्व विकास व स्वस्थ यौन शिक्षा पर आधारित रचनाओं को अपने प्रकाशनों में उचित स्थान देता आ रहा है, इसलिए इन प्रकाशनों के पाठक इनका अध्ययन करके अपने जीवन को सद्गुण और यौन आनंद से भरपूर बना सकते हैं। (स्वास्थ्य दर्पण)

## सेहत की खबरें

आनंद कुमार अनंत

### आरामतलबी से बढ़ती है 'डायबिटिज'

शहरी एवं अर्द्धशहरी इलाकों में रहने वाली आबादी की दैनिक खानपान की आदतें और आरामदेह जीवन शैली अब सिर्फ वयस्कों के लिए मधुमेह तथा हृदयरोग का कारण नहीं रह गया है बल्कि अब यह युवाओं और बच्चों को भी अपनी चपेट में ले रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आज के भोजन में फाइबर की मात्रा तो घटी है, पर कैलोरी व वसा की मात्रा बढ़ गयी है। शहरी जीवन शैली में जहां स्वादिष्ट लजीज खाने के साथ-साथ अत्यधिक मात्रा में कैलोरी भी परोसी जाने लगी है वहीं इस कैलोरी को जलाने के लिए जरूरी शारीरिक श्रम की मात्रा घट गयी है। मशीनीकरण बढ़ने के कारण लोगों में अब शारीरिक आरामतलबी बढ़ गयी है और यह पूरी स्थिति अंततः बेहद अस्वास्थ्यकर साबित हो रही है।

### शारीरिक संतुलन बचाता है जोड़ों के दर्द से

एक अनुमान के तहत विश्व की करीब चालीस प्रतिशत आबादी जोड़ों के किसी न किसी दर्द से परेशान होती है। इसे गंभीरता से नहीं लेने के कारण मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। गठिया नामक बीमारी की चपेट में अब कम उम्र के लोग भी आने लगे हैं। उम्र बढ़ने के साथ-शरीर के अंगों में शिथिलता आनी शुरू हो जाती है और लचीलापन कम होता जाता है। इसके साथ आवश्यकता से अधिक भोजन करने, वजन उठाने तथा सही ढ़ंग से नहीं बैठने वाले गठिया के मरीज बन जाते हैं। इस बीमारी को गंभीरता से नहीं लेने पर जोड़ घिसकर धीरे-धीरे विकृत होने लगते हैं। इससे पीड़ित रोगी असहनीय पीड़ा से ग्रस्त होकर लंगड़ा कर चलने लगता है। विशेषज्ञों का मानना है कि तापमान में गिरावट होने से रक्तवाहिनी संकुचित होने से रक्त प्रवाह कम होने से जोड़ों में अकड़ाहट बढ़ जाती है।

### अस्थमा से बचाता है पानी

यह देखा गया है कि अस्थमा (दमा) के रोगियों को सूखी हवा में सांस लेने में अधिक दिक्कत होती है। उनकी यह स्थिति तब अधिक होती है जब उनके शरीर में पानी की कमी हो। इसके साथ ही पानी कम पीने से स्वस्थ मनुष्य को भी सर्दी जल्दी ही पकड़ लेती है। शरीर में जल की कमी होने पर नाक में उप-स्थित सतह की कोशिकायें सूख जाती हैं जिससे बैक्टीरिया और वायरस से बचाव नहीं हो पाता। इसलिए विशेषज्ञों की सलाह है कि पानी खूब पीना चाहिए।

### किडनी स्टोन की तकलीफों को बढ़ा सकता है सोयाबीन

अमेरिका के द जरनल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड कैमिस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों ने सोयाबीन के एक दर्जन से भी अधिक प्रजातियों पर आक्-सेलेट का पता लगाने के लिए शोध किए जो किडनी स्टोन उत्पन्न करने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है। वैज्ञानिकों के अनुसार सोया का अधिक मात्रा में सेवन किडनी स्टोन के मरीजों की तकलीफ बढ़ा सकता है।

एक अध्ययन के मुताबिक सोयाबीन या इसके किसी भी उत्पाद का अधिक मात्रा में सेवन का सीधा संबंध स्टोन से होता है। वैज्ञानिकों ने सोयाबीन के तेरह उत्पादों को भी अपने अध्ययन के अन्तर्गत शामिल किया। वैसे अभी यह तथ्य पूरी तरह स्थापित नहीं हुआ है और अनुसंधान जारी है।

### दीर्घ जीवन से घनिष्ठ संबंध रखता है प्यार

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार प्यार एक ऐसा रसायन है, जो दीर्घायु बनाता है। वैज्ञानिकों ने हृदय रोग से पीड़ित अनेक व्यक्तियों से पूछताछ कर पाया कि इनमें से बहुत से रोगियों की पत्नियां उन्हें प्यार नहीं करती। वैज्ञानिकों के अनुसार प्यार की अनुभूति हमारे शरीर में ऐसी उपयोगी जैविक क्रियायें सृजन करती है जो शरीर को स्वस्थ बनाने में पौष्टिक भोजन व व्यायाम का काम करती है। इस कारण प्यार करती हुई पत्नी अपने पति को दीर्घजीवी बनाती है। राबर्ट टेलर जो कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय में मनोवैज्ञानिक हैं, उनके अनुसार प्यार की भावना मनुष्य को आश्वस्त कर तनाव, अवसाद व चिंता से मुक्त करती हैं, जिसके कारण हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

### कैंसर से बचना हो तो पानी पियो

वैज्ञानिकों के अनुसार दिन में आठ गिलास पानी का नियमित सेवन कैंसर पनपने की संभावनाओं को क्षीण कर देता है। अधिक मात्रा में लिया गया पानी आंतों में कैंसर की संभावना समाप्त कर देता है। आधुनिक शोधों से ये संकेत मिले हैं कि शरीर में पानी की समुचित मात्रा बने रहने से स्तन-कैंसर से भी बचाव होता है। (स्वा.द.)

# निरोग रहने का राज़-गहरी नींद



नीतू गुप्ता

**ग**हरी नींद न आना आज बड़े शहरों की मुख्य समस्या बनती जा रही है। इसलिए शरीर थका थका सा व स्वभाव चिड़चिड़ा बन जाता है जिसका मुख्य प्रभाव नींद और स्वास्थ्य पर पड़ता है। जिन लोगों को गहरी नींद नसीब होती है उनके शरीर के अंग प्रत्यंग को आराम मिलता है। गहरी नींद से खर्च हुई शक्ति पुनः प्राप्त होती है। इसलिए नींद को निरोग रहने का राज़ माना जाता है। आप भी मज़ा ले सकते हैं गहरी नींद का, इन चंद नुस्खों को अपना कर:-

❋ प्रातः सुबह जल्दी उठना और रात्रि में जल्दी सोना चाहिए।
❋ प्रातः उठ कर खुली हवा में घूमने जाना और कुछ व्यायाम करना उत्तम है।
❋ सोने से पूर्व विचारों को दूर छोड़ कर सोना चाहिए और मन को प्रसन्नचित रखना चाहिए।
❋ रात्रि को सोने से 2-3 घंटे पूर्व भोजन करना अच्छा होता है ताकि सोने तक भोजन पच कर पेट हल्का महसूस कर सके।
❋ हाथ, पैर और मुंह को ठंडे पानी से धोकर बिस्तर पर जाना चाहिए।
❋ सोने का स्थान हवादार, साफ और स्वच्छ होना चाहिए।
❋ सोते समय मन को एकाग्रचित करने के लिए हल्का संगीत सुनें, पत्रिका पढ़े या कोई पुस्तक पढ़ें जिससे नींद अच्छी आती है।
❋ खाना खाने के पश्चात् कुछ समय अवश्य टहलें। थोड़ी थकान होने पर नींद शीघ्र आ जाती है।
❋ रात्रि में सोने के वस्त्रा ढीले और सूती पहनें ताकि सोने में कोई परेशानी न हो। टाइट कपड़े सोने में बाधा डालते हैं।
❋ अपने शरीर को नींद की गोलियों या किसी नशीली वस्तु का अभ्यस्त न बनाएं। इनके लगातार सेवन से शरीर को कई नुकसान पहुंचते हैं।
❋ सोते समय ध्यान दें कि जिस करवट में आराम मिले, उसी करवट में सोएं अन्यथा स्वप्न भी अधिक आते हैं और शरीर की क्रियाएं ठीक कार्य नहीं करती।
❋ सोते समय अधिक ऊंचा तकिया रख कर न सोयें।
❋ रात्रि के समय गरिष्ठ भोजन, अधिक मसाले वाले पदार्थों का सेवन न करें।
❋ हर इंसान की नींद दूसरे से भिन्न होती है। कुछ लोग तो 5-6 घंटे की नींद लेने पर भी चुस्त रहते हैं पर कुछ लोगों को 7-8 घंटे की नींद के पश्चात भी सुस्ती रहती है, इसलिए इससे कम या अधिक नींद आने पर डॉक्टरी जांच अवश्य करवायें।
❋ ध्यान रखें कि सोने के कमरे में अधिक रोशनी न हो, न ही अधिक आस पास से शोर आता हो। ये दोनों चीजें भी नींद आने में विघ्न डालती हैं।
❋ शयनकक्ष के गद्दे अधिक नर्म या सख्त नहीं होने चाहिए।
❋ सोने से पहले गर्म दूध पीने से भी नींद अच्छी आती है। (स्वा.द.)

